* ओड़िशा संस्करण

22 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 182

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




# ‘हक मांगते, तो जेल में डाल दिया जाता’

राजीव

रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली के बाद रविवार को रांची में इंडी गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा। झामुमो की ओर से प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय रैली में गठबंधन के कई बड़े नेता पहुंचे। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला समेत 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधा। कल्पना ने जेल में बंद हेमंत सोरेन के संदेश को पढ़ कर सुनाया। रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ‘जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा’ के नारे लगाये। रैली में मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम से खाली कुर्सी भी लगायी गयी थी। वहीं, कांग्रेस के दो गुट और राजद कार्यकर्ताओं के बीच झगड़ा हुआ और कुर्सियां चलीं।

- रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली, गरजे नेता
- भाजपा को 150 पार नहीं होने देंगेः चंपाई
- नरेंद्र मोदी संविधान बदलना चाहते हैंः खड़गे
- मोदी ने गरीबी-महंगाई बढ़ायी, जुमलेबाजी कीः तेजस्वी
- भाजपा ने सबसे ज्यादा चंदा वसूलाः अखिलेश



## हेमंत का संदेश पढ़ कर कल्पना ने किया ‘उलगुलान’

### संविधान खत्म होने नहीं देंगे, देश टूटने नहीं देंगेः कल्पना

कल्पना सोरेन ने कहा, मैं आज आप सबके सामने हेमंत सोरेन जी का पत्र लेकर आयी हूं, जो उन्होंने जेल से भेजा है। हेमंत सोरेन ने जेल से झारखंड वासियों के लिए संदेश भेजा है। कल्पना ने संदेश को पढ़ाः उलगुलान की धरती झारखंड में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में पूरे झारखंड के विभिन्न गांव, पंचायत, टोले से आये हुए बड़े बुजुर्ग, माताएं, बच्चे, बहनों और मेरे साथियों और मेरे पूरे देश से आये हुए आइएनडीआइए महापरिवार के नेतागणों को धरती आबा बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू जैसे अनेक शहीदों की इस पावन धरती पर मैं बिरसा कारा से आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आज इस महारैली में मौजूद राज्य निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को चरण स्पर्श करता हूं। साथियों आज झारखंड उलगुलान रैली में आपके साथ नहीं हूं। विगत चार सालों से विपक्ष ने मेरे खिलाफ षड्यंत्र रच-रच कर आखिरकार एक बेबुनियाद आरोप में करीब ढाई महीने से मुझे बिरसा जेल में बंद कर रखा है। इसी तरह आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी उनके सहयोगियों के साथ दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद कर रखा है। यह आजादी के बाद पहली बार हुआ है, जब किसी पार्टी के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री और मंत्रियों को चुन कर चुनाव के ठीक पहले संयोजित तरीके से बेबुनियाद और आरोपों से जेल में डाला गया है। खैर, कोई बात नहीं, मुझे आज जेल में रहते हुए भी खुशी हो रही है कि जिस लोकतंत्र की रक्षा हक अधिकार की लड़ाई के लिए हम लड़ रहे हैं। उसे केवल हम ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्य के नेता आगे बढ़ा रहे हैं। आज उलगुलान महारैली में आये सभी नेता इसके गवाह हैं। मैं सभी का अभिवावदन करता हूं। आज की यह झारखंड उलगुलान महारैली से झारखंडी भाइयों को कई बातों का पता चल रहा होगा। उलगुलान का मतलब ही है- अब और नहीं चलेगी ठगों की सरकार। लोकतंत्र लूटने नहीं देंगे, संविधान खत्म होने नहीं देंगे, देश टूटने नहीं देंगे।

**विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयासः** हेमंत ने संदेश में आगे लिखा था कि 2024 का लोकसभा चुनाव चल रहा है। एक तरफ हम सब इंडी महागठबंधन के लोग हैं, दूसरी तरफ पूंजीपतियों की जमात और षड्यंत्रकारी केंद्र सरकार एनडीए के लोग हैं। आज देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। विगत 2014 से केंद्र में भाजपा सरकार चल रही है। दो बार देश की जनता ने एनडीए को सरकार बनाने का मौका दिया है। भले ही देश की सरकार का जनाधार देश के लोगों ने एनडीए को दे दिया। लेकिन पूरे देश के राज्यों का जनाधार भाजपा को नहीं दिया। 2014 में एनडीए सरकार बनते ही पूरे देश के राज्यों में अपना कब्जा चाहते हैं। आपने सुना ही होगा विभिन्न सूचना तंत्र के माध्यम से कि गैर भाजपा राज्यों में किस तरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, सरकार गिरायी जा रही है, तो कही एमपी-एमएलए की खरीद फरोख्त चल रही है, अगर वे भाजपा के साथ नहीं आते हैं तो इसका उदाहरण है कि आज हमें जेल से आप तक पत्रों के माध्यम से संदेश भेजना पड़ रहा है। यह देश हमें भीख में नहीं मिला है, इस देश को पाने के लिए हमने अनगिनत शहादत दी है। कई इतिहास की किताब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों से पटे पड़े हैं। विगत कई साल से षड्यंत्रकारी एनडीए की सरकार ने 2014 को देश के लोगों को बड़ी चतुराई से सपने दिखाये। आंखों में धूल झोंक दिये। हर जाति धर्म के लोगों को मूर्ख बनाया गया। देश के युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों को ठगा गया। विपक्ष की आवाज को कुचलने का काम किया जा रहा है। इस देश के लोकतंत्र को आज खतरा है। हम अपना हक मांगते हैं, तो हमें जेल में डाल दिया जाता है।

**केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहाः** हेमंत ने आगे लिखा कि इस चुनाव में बड़े पैमाने पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। झारखंड देश का सबसे गरीब राज्य है। यहां के लोग गरीब हैं पर झारखंड गरीब नहीं है। हमारे प्राकृतिक संसाधनों से पूरा देश चलता है। इसके बदले में हमें क्या मिलता है, पलायन, विस्थापन, भुखमरी, बीमारी। हम अपना हक मांगते हैं तो हमें जेल में डाल दिया जाता है। केंद्र सरकार की करतूत के बारे में अगर बात की जाए तो रात और दिन कम पड़ जायेगा। आपके सामने देश के कई अनुभवी नेता गण मौजूद हैं, जो आपको कई सारी बातें बतायेंगे। किस तरीके से पूरे देश को केंद्र सरकार ने ठगा है। लूटा है।

**झारखंड आदिवासी बहुल राज्य हैः** हेमंत ने लिखा कि हम जानते हैं कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। आप सभी को याद होग। अगर नहीं तो मैं याद दिलाता हूं। राज्य अलग होने के बाद राज्य की विधानसभा सीटों की संख्या पर बढ़ाने के लिए राज्य में परिसीमन का प्रस्ताव बढ़ गया था, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी आरक्षित सीटों की संख्या घटने की बात कही जा रही थी, तो उसे समय रहते हमारे दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में राज्य में सदन से लेकर सड़क तक विरोध किया गया था और इस विरोध के फलस्वरूप आज हमारे राज्य में परिसीमन लागू नहीं हो पाया। जब यह चर्चा चली, उस समय केंद्र में भाजपा की सरकार थी, 2026 तक के लिए इसको रोक दिया गया। यह विषय वर्तमान लोकसभा चुनाव के बाद फिर से राज्य के सामने आने वाला है। जैसे कि मैं पहले भी बताया है कि केंद्र सरकार जिस तरीके से नये-नये कानून बना रही है, उनका कानून सबसे अधिक प्रभावित आदिवासी क्षेत्र और आदिवासी समुदाय को होने जा रहा है। झारखंडी सदियों से जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ाई लड़ता रहा है। जल, जंगल, जमीन के लिए हमारे अनेक पूर्वजों अपनी शहादत दी है।

## चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश थी : चंपाई सोरेन



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इस मैदान से हम देश, झारखंड और भाजपा को एक संदेश देना चाहते हैं। हमें आइएनडीआइए गठबंधन को मजबूत बनाना है। इतना मजबूत बनाना है कि एनडीए को 400 तो क्या 150 लोकसभा सीट लाना मुश्किल हो जाये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। झूठे मुकदमे में फंसा दिया। कहा कि इनकी साजिश तो एक चुनी हुई सरकार को गिराने की थी। लेकिन हमने उनकी इस साजिश को सफल नहीं होने दिया। इसी तरह हम इनके 400 पार के नारे को भी नाकाम कर देंगे। चंपाई ने कहा कि हेमंत सरकार ने ऐसी नीतियां बनायीं, जिनसे आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों को फायदा हो रहा था। हमने गरीब समूह के बच्चों को पढ़ने के लिए विदेश भेजना शुरू किया। जबकि सच्चाई ये है कि आज झारखंड के ग्रामीण इलाके में अधिकतर परिवारों के पास बच्चों को मैट्रिक के बाद पढ़ाने के लिए पैसे नहीं होते। कहा, हेमंत ने ऐसे परिवारों के बच्चे को पढ़ने के लिए विदेश भेजना शुरू किया। इसी से भाजपा को तकलीफ होने लगी। इनके नेताओं के पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद उन्होंने हेमंत की सरकार को गिराने का काम शुरू कर दिया। इसमें सफल नहीं हो पाये तो झूठे आरोप में उलझा कर जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। अगर इन्होंने संविधान बदला तो सबसे अधिक नुकसान देश के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों और पिछड़ा वर्ग के लोगों को होने वाला है। कहा, बीजेपी को भरोसा है कि वे इस बार भी केंद्र में सरकार बना लेंगे। हमें आइएनडीआइए गठबंधन की मजबूती पर ध्यान देना है, ताकि भाजपा अपने इस मंसूबे में फेल हो जाये।

## जनता के नहीं, भाजपा के खाते में आये रुपयेः तेजस्वी



राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने केवल देश में गरीबी बढ़ायी, महंगाई बढ़ायी, जुमलेबाजी की। 2014 में उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी दी जायेगी, वो नौकरी कहां गयी? कालाधन वापस आयेगा और सभी के खाते में 15 लाख रुपये डाले जायेंगे। आप लोगों के खाते में पैसा नहीं आया, लेकिन भाजपा के खाते में चंदा चुनावी बांड के जरिये हजारों-करोड़ों रुपये आ गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले 400 पार का नारा लगा रहे हैं। पहले फेज में ही उनका यह नारा फ्लॉप हो गया। जिस दिन झारखंड-बिहार और यूपी में विपक्ष एक होकर मजबूती के साथ लड़ेंगे तो भाजपा सत्ता में नहीं आ पायेगी। भाजपा के झांसे में नहीं आना है। भाजपा का हवा हम बिहार में टाइट कर दिये हैं। हम अपने हेलिकॉप्टर को ट्रैक्टर बना दिया है और भाजपा के 30 हेलिकॉप्टर से अकेले लड़ रहे हैं।

## शेर को गिरफ्तार किया जा सकता, दहाड़ को नहींः अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब से इन्होंने झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा है, वे चुनाव हार चुके हैं। मैदान में जब पहलवान हारने लगता है, तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन उनकी दहाड़ को गिरफ्तार नहीं कर पाये हैं। आज की रैली से ये ऐलान हो रहा है कि जो लोग 2014 में आये थे, वो 2024 में जायेंगे। बीजेपी ने सबसे ज्यादा चंदा वसूलने का काम किया है।

## मोदी जी गरीबों से वोट छिनना चाहते हैंः खड़गे



कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी गरीबों से वोट छिनना चाहते है, संविधान बदलना चाहते हैं। उनके लोग कहते हैं, इस बार 400 पार। गनीमत है कि ये नहीं बोल रहे कि इस बार 600 पार। इस बार इंडी गठबंधन की शक्ति इतनी है कि भाजपा के लोग हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकेंगे। केजरीवाल और हेमंत को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं है। हम जनता से डरते हैं, क्योंकि जनता देश के संविधान की रक्षक है। मोदी जी, आप हमको मिट्टी में दबाने की कोशिश करते रहिए, लेकिन देश में हर पार्टी जिंदा रहेगी। उन्होने कहा कि मोदी जी हमेशा ये कहते हैं कि हमने आदिवासी को देश का राष्ट्रपति बनाया। आपने ये काम आदिवासियों के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि आपने वोट के लिए ऐसा किया है। आपने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया है। आपने ना गरीबों को नौकरी दी। वोट के लिए आपने नौजवानों को नौकरी देने की बात कही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। किसानों की आमदनी डबल करने की बात कही थी, नहीं हुई। इसलिए मैं कहता हूं कि मोदी झूठों के सरदार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ने से मुझे एक मीटिंग में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश जाना पड़ा। इस कारण मुझे यहां आने में देरी हुई। मोदी जी ने हमारे दो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन हिम्मत वाले हैं। आदिवासियों में डर नहीं होता है। मोदी जी अगर आप आदिवासियों को डराने की कोशिश करेंगे तो आप भी खत्म हो जायेंगे। लेकिन, आदिवासियों को आप खत्म नहीं कर पाएंगे।







## कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़े, चली कुर्सियां



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रभात तारा मैदान में झामुमो की उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़ गये। आपस में हाथापाई, मारपीट और कुर्सियां फेंकी गयीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस के एक गुट के कुछ लोगों ने केएन त्रिपाठी का विरोध करना शुरू किया और देखते ही देखते कुर्सियां उठा कर एक दूसरे पर फेंकनी शुरू कर दी। इस घटना को लेकर भाजपा और आरएसएस पर आरोप लगाया जा रहा है। महारैली के दौरान केएन त्रिपाठी का समर्थन और विरोध कर रहे लोगों के बीच जम कर मारपीट हुई। इस मारपीट में जिस व्यक्ति का सिर फटा है, वह केएन त्रिपाठी के भाई हैं। उनके सिर पर चोट लगी है। दरअसल, केएन त्रिपाठी को कांग्रेस ने चतरा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है, जिसका पार्टी के कुछ लोग और राजद के स्थानीय नेता विरोध कर रहे हैं। घटना के वक्त मंच पर मंत्री आलमगीर आलम स्वागत भाषण दे रहे थे। मारपीट की घटना के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला।


# गोड्डा से दीपिका की जगह प्रदीप, रांची से सुबोधकांत की बेटी बनी कांग्रेस प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को प्रत्याशियों की 11वीं सूची जारी की। इसमें झारखंड की दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया गया है। कांग्रेस ने झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। पार्टी ने यहां से दीपिका पांडेय सिंह की जगह प्रदीप यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रांची से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों गोड्डा से महगामा विधायक दीपिका पांडेय को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था। सूत्रों के मुताबिक यहां जातीय गणित में कांग्रेस के पिछड़ने की दलील देते हुए प्रत्याशी बदलने की मांग की जा रही थी। प्रदीप यादव वर्तमान में विधायक हैं। वह झाविमो के भाजपा में विलय होने से पहले कांग्रेस में शामिल हो गये थे। यहां उनका मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी निशिकांत दुबे से होगा। वहीं रांची से उम्मीदवार यशस्विनी सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और टीवी कलाकार रेखा सहाय की सुपुत्री हैं। वर्तमान में यशस्विनी मुंबई फैमिली कोर्ट और मुंबई सेशन कोर्ट में बतौर अधिवक्ता अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनका भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ से मुकाबला होगा।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,500 रु./10 ग्राम
चांदी 90,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# न्याय महारैली में भाजपा और मोदी पर बरसे महागठबंधन के नेता






सभी फोटो
प्रदीप ठाकुर

## अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है केंद्र सरकार: सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** न्याय महारैली में सुनीता केजरीवाल ने अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। कहा कि अरविंद केजरीवाल शुगर के मरीज हैं। 12 सालों से वह इंसुलिन ले रहे हैं, लेकिन उन्हें इंसुलीन नहीं मिल रही है। ये लोग अरविंद केजरीवाल की भावना को नहीं समझते हैं। वह शेर हैं। यह सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि आप इंडिया गठबंधन को एक मौका देंगे, तो देश को महान बना देंगे। देश में 24 घंटे बिजली मिलेगी। गरीबों को मुफ्त बिजली मिलेगी। हर मुहल्ले में क्लीनिक खोला जायेगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलायेंगे। इसका पैसा कहां से आयेगा, इसकी भी प्लानिंग हो गयी है। आप सभी का हमें बहुत प्यार मिला है। आप सभी भी हमारे संघर्ष में साथ रहिये। हम बस यही चाहते हैं। सुनीता ने कहा कि पीएम मोदी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया। हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। आप ही बताइये, उनका क्या कसूर है। अदालत ने उन्हें गुनाहगार नहीं ठहराया है। कहते हैं जांच चल रही है। ये तानाशाही नहीं तो और क्या है। हम ये बर्दशत नहीं करेंगे। मेरे पति का क्या कसूर है। उन्होंने सरकारी स्कूल को बेहतर किया। जब आइआइटी पास की थी, तो सभी दोस्त बाहर गये कमाने के लिए, लेकिन उन्हें समाजसेवा करनी थी। सुनीता केजरीवाल आगे कहती हैं कि हमारी शादी के वक्त अरविंद केजरीवाल जी ने मुझसे एक कही थी कि मुझे समाजसेवा करनी है। ऐसे इंसान को इन्होंने जेल में डाल दिया। जनता के हक के लिए सेवा करते रहे। आमरण अनशन करते रहे। पहली बार जब वे मुख्यमंत्री बने तो 49 दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। उन्हें कुर्सी का कोई मोह नहीं था। जबकि आज के समय में कोई चपरासी की भी कुर्सी नहीं छोड़ता है। अंत में उन्होंने जेल का ताला टूटेगा, अरविंद केजरीवाल छूटेगा के नारे लगाये।

## देश मुसीबत में, संविधान खतरे में: फारूख अब्दुल्ला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला ने कि आज देश मुसीबत में है और संविधान खतरे में है। देश को बचाना है, तो मोदी को हटना ही होगा। भारत में इतने धर्म, संस्कृति, पूजा की पद्धति है, यही तो इंडिया की खूबसूरती है। मोदी जी कहते हैं कि 80 करोड़ को अनाज दे रहे हैं, क्या यह अनाज वह अपने घर से लाकर दे रहे हैं। इसमें भी देश का खून पसीना लगा है। देनेवाला तो प्रभु है। भाजपावाले राम को बेच रहे हैं। राम तो पूरे विश्व के हैं। हरेक के राम हैं। हालांकि भाजपा वालों ने राम को अपना बना लिया। आखिर केजरीवाल और हेमंत सोरेन का क्या कसूर था। भारत ऐसे नहीं बनेगा। कश्मीर के लोगों ने कश्मीर को बचाया है। संवारा है। मोदी जी को शर्म आनी चाहिए। 2024 में यह तय करना है कि क्या भारत आजाद रहेगा। इसी कारण इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना मतदान करें। चीन भारत की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी चिंता नहीं है।

## वोट देने जायें तो हेमंत सोरेन का चेहरा याद कर लें : संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपील की कि जब वोट देने के जायें तो हेमंत सोरेन का चेहरा याद कर लें। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में दवा नहीं दी जा रही है। यहां उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल बैठी हैं। कल्पना सोरेन भी यहां मौजूद हैं। इन सारी बातों को याद करके वोट देने जाना। कहा कि पूरे भारत में बाबा साहेब का संविधान चलता है, लेकिन भाजपा चाहती है कि दलितों का आरक्षण खत्म करके नरेंद्र मोदी का संविधान को लागू करना। ऐसे में क्या आप सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए तैयार हो। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी देश के लोगों से कह रही है कि 400 सीट दे दो संविधान बदलना है। याद रखना ये संविधान बदलेंगे, तो आरक्षण खत्म करेंगे। संजय सिंह यहीं नहीं रुके उन्होंने आरएसएस को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि आरएसएस ने कहा था कि आरक्षण खत्म होना चाहिए, लेकिन जबतक हम लोग जिंदा हैं, तब तक ये नहीं होने देंगे। नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं। लेकिन ये खुद ही उसी से घिरे हैं। अजीत पवार के ऊपर खुद पीएम ने 70 हजार करोड़ का आरोप लगाया और बीजेपी गठबंधन में शामिल कर लिया। हेमंत बिश्वशर्मा पर भी ऐसा ही आरोप लगाया और बीजेपी में शामिल कर लिया। मोदी जी कहते हैं कि भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वह ठीक कहते हैं उत्तर से लेकर पश्चिम तक सभी भ्रष्टाचारी को बीजेपी में शामिल कर लेंगे। संजय सिंह ने हेमंत सोरेन को याद कर कहा कि दिल्ली के लोग खुशकिस्मत हैं कि झारखंड से ऑक्सीजन मिला। मोदी जी अगर इतनी गारंटी दे रहे हैं तो झूठ बोलने की भी गारंटी उनकी है। गरीबी खत्म करने की गारंटी दी थी, लेकिन उल्टा गरीबी बढ़ गयी। पेट्रोल की कीमत बढ़ गयी। महंगाई आसमान पर चली गयी। नौकरी का झूठा वादा किया।

## केंद्र सरकार को बेदखल करना होगा: मंत्री आलमगीर आलम



मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि तानाशाही रवैया के तहत एकजुट होकर केंद्र की सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा। चुनाव में केंद्र सरकार को सबक सिखायेंगे। इसका मन झारखंड और देश की जनता बना चुकी है। पहले चरण से इसके स्पष्ट संकेत भी मिल गये हैं।

## 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी: प्रियंका चतुर्वेदी



शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे कहा गया कि दिल्ली और झारखंड में दो मुख्यमंत्रियों के खिलाफ ज्यादतगी हो रही है। झूठे केस कर जिस तरह नेताओं को फंसाने का काम किया जा रहा है। आने वाले चार जून को आइएनडीआइए की सरकार बनेगी।

## दमनकारी नीति के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत: दीपांकर भट्टाचार्य



भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि कल्पना सोरेन को उपचुनाव लड़ना है और लोकसभा का चुनाव भी है। अब एक-एक वोट का चोट लगाकर गठबंधन को विजय बनायें। उन्होंने कहा कि दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री को जानबूझकर फंसाया गया। इस दमनकारी नीति के खिलाफ अब आवाज उठाने की जरूरत है। पहले चरण में ही भाजपा की हवा निकल गयी है। आगे जैसे-जैसे चुनाव का परिणाम आयेगा, 400 पार के नारा की हवा हो जायेगा। देश और राज्य में बेरोजगारी की सबसे बड़ी समस्या व्याप्त है। रोजगार के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं।

## उलगुलान न्याय महारैली में हर तरफ हेमंत दिखे!

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उलगुलान न्याय महारैली में सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी को मिलकर नहीं रोका गया, तो देश का संविधान खतरे में पड़ जायेगा। देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा। महारैली की सबसे खास बात यह रही कि प्रभात तारा मैदान में चारों ओर हेमंत सोरेन दिख रहे थे। दरअसल, बड़ी संख्या में लोग यहां आये थे, जिन्होंने हेमंत सोरेन का मुखौटा पहन रखा था। इन्होंने वैसी ही ड्रेस पहन रखी थी, जैसा हेमंत सोरेन पहना करते हैं। एक शख्स एतवा, जिसने हेमंत सोरेन का मुखौटा लगा रखा था, ने हाथ में तीर-धनुष भी ले रखा था। बता दें कि महारैली के लिए बने विशाल स्टेज के दोनों ओर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के कटआउट लगे थे। कटआउट में इन दोनों नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे दिखाया गया था। झारखंड और झारखंड के बाहर से आये सभी नेताओं ने कहा कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत छूटेगा। जेल का ताला टूटेगा, केजरीवाल छूटेगा।

**मंच में दो कुर्सियां खाली रही:** मुख्य मंच पर दो कुर्सियां खाली दिखी। एक कुर्सी पर लगी पर्ची में हेमंत सोरेन, तो दूसरी कुर्सी की पर्ची पर अरविंद केजरीवाल का नाम लिखा हुआ था। इसको लेकर भी चर्चा खूब होती रही।

## भारतीय जुमला पार्टी है भाजपा: भगवंत मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंजाब के सीएम भगवंत मान सिंह ने कहा कि भाजपा भारतीय जुमला पार्टी है। पहले चरण में 102 सीटों के लिए वोटिंग हो गयी है। इसमें 80 से 90 सीटें इंडी गठबंधन को मिल रहा है। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल देने से गठबंधन डरनेवाला नहीं है। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहीं। झारखंड गरीब नहीं है, यहां के लोग गरीब है। झारखंड में कोयला है, लेकिन पंजाब को जरूरत होती है, तो कहा जाता है कि इंडोनेशिया से मंगाइये, आखिर इसकी क्या जरूरत है। अब तो इस जुमलेबाज पार्टी पर सवाल उठ रहे हैं। 15 लाख एकाउंट में, हर साल दो करोड़ को नौकरी यह सब जुमलेबाजी ही रही। लेकिन अब तो लोगों को यह भी लग रहा है कि कहीं चाय बेचनेवाले को चाय बनाने भी आता ही की नहीं। कहा कि अगर देश को बचाना है, तो इंडी गठबंधन को वोट देना होगा। मोदी जी की जब इतनी ही लहर है, तो आखिर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से आखिर डर क्यों गये। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संकल्प लेने के लिए यह महारैली है। इंडी गठबंधन गरीबी, बेरोजगारी को खत्म करने और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेगा। यही काम जब दिल्ली और झारखंड में किया जा रहा था, तो अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। मंच में दो कुर्सियां खाली हैं। खाली कुर्सी ही भाजपा से कुर्सी खाली करायेगी। यह देश किसी की जागिर नहीं है, यह देशभक्तों का देश है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने बचायी महारैली की लाज

**इंडी गठबंधन के दूसरे घटक दलों ने केवल औपचारिकता निभायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में आयोजित न्याय उलगुलान महारैली कितने लोग आये, इस पर विचार होता रहेगा, लेकिन एक बात साफ हो गयी कि झारखंड में इंडी गठबंधन का मतलब झारखंड मुक्ति मोर्चा ही है। रविवार को रैली में शामिल लोगों में अधिकांश झामुमो कार्यकर्ता ही थे। इंडी गठबंधन के दूसरे घटक दलों का रैली में कोई विशेष योगदान नहीं था। रैली से पहले कांग्रेस, राजद और वामदलों के नेता भारी संख्या में लोगों को जुटाने का दावा कर रहे थे, लेकिन ये दावे हवा-हवाई ही साबित हुए। हां, नेता जरूर मंच पर बैठे हुए थे। रैली में नेताओं के भाषण की शुरुआत से लेकर अंत तक लोगों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। रैली के लिए तीन पंडाल बनाये गये थे, रैली जब पिक पर थी, तो तीनों पंडाल पूरी तरह भरे हुए थे। पंडालों के बाहर भी हालांकि काफी लोग खड़े थे।

**राहुल-लालू के नहीं आने से निराशा**

रैली में शामिल होनेवाले नेताओं में सबसे अधिक आकर्षण राहुल गांधी और लालू यादव को लेकर था, लेकिन ये दोनों नेता नहीं आये। इसके कारण रैली में आये उनके समर्थक निराश हुए। कांग्रेस नेता भी यह आस लगाये हुए थे कि राहुल जरूर आयेंगे, लेकिन अंतिम समय में उनकी बतीयत बिगड़ने की बात कही गयी।

**खड़गे देरी से आये, तब तक अधिकांश लोग जा चुके थे**

महारैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे, लेकिन उनके मंच पर पहुंचने तक इतनी देर हो चुकी थी कि लोग लौटने लगे थे। जब उन्होंने भाषण देना शुरू किया, तो पंडालों की आधी कुर्सियां खाली थीं।

## केंद्र की सरकार से देश त्रस्त : विनोद पांडेय



मंच संचालन करते हुए झामुमो के विनोद पांडेय ने कहा कि यह महारैली जल, जंगल, जमीन लूटने वालों के खिलाफ उलगुलान है। सरकारी संपत्ति को बेचने वाले, बेरोजगारी के खिलाफ, महंगाई जैसी व्यापक तमाम समस्याओं के खिलाफ उलगुलान है, जिससे पूरा देश त्रस्त है। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया।

## एक-एक वोट, बीजेपी को चोट: विवेक

**रांची (आजाद सिपाही)।** टीएमसी के पूर्व सांसद विवेक गुप्ता ने कहा कि वे इंडी अलायंस में गर्व के साथ शामिल हुए हैं। अरविंद और हेमंतजी का चेयर रैली में खाली है। केंद्र जितना जोर आजमाना है, लगा लें। दोनों नेताओं की वापसी होगी। सावित्री नाम की महिला अपने पति को यमराज से वापस ले आयी थी। यहां सुनीता, कल्पना के साथ तो उनके समर्थक भी हैं। अब प्रजातंत्र, लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया है। एक-एक वोट, बीजेपी को चोट, यह मैसेज सब जगह जाये।

# झारखंड में टिकट बंटवारे के बाद इंडी गठबंधन में बवाल

## ■ कांग्रेस के तीन प्रत्याशियों का पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

## ■ राजमहल में लोबिन और लोहरदगा में चमरा की बगावत से झामुमो पसोपेश में

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की सियासत का अलग ही फंडा है। यहां एक तरफ इंडी गठबंधन के दिग्गजों के जुटान हो रहा है, तो दूसरी ओर टिकट बंटवारे पर कांग्रेस में बवाल मचा है और झामुमो के भीतर से बगावती स्वर सुनाई दे रहे हैं। कांग्रेस के भीतर तो कम से कम तीन उम्मीदवारों की घोषणा का भारी विरोध हो रहा है और झामुमो अपने दो विधायकों के बगावती तेवर से पसोपेश में है। कांग्रेस के दिग्गज मजदूर नेता ललन चौबे ने धनबाद संसदीय सीट से अनुपमा सिंह को टिकट दिये जाने के खिलाफ इस्तीफा दे दिया है, वहीं गोड्डा संसदीय सीट से दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध वहां के दिग्गज कांग्रेसी फुरकान अंसारी, उनके पुत्र विधायक डॉ इरफान अंसारी और एक अन्य विधायक प्रदीप यादव ने किया है। उधर चतरा संसदीय सीट से केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाये जाने का विरोध कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता भी कर रहे हैं। राजद के कार्यकर्ता तो पूरी तरह हमलावर ही हो गये हैं। उन्होंने रांची के प्रभात तारा मैदान में केएन त्रिपाठी के समर्थकों के साथ मारपीट कर दी। रैली में हंगामा मच गया। एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। दर्जनों कुर्सियां टूट गयीं। दूसरी तरफ झामुमो के भीतर से उम्मीदवारों का विरोध तो नहीं हो रहा है, लेकिन बगावत के स्वर सुनाई देने लगे हैं। इनमें प्रमुख हैं लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा। लोबिन हेंब्रम जहां राजमहल से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं, वहीं चमरा लिंडा भी लोहरदगा सीट से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि यह सीट कांग्रेस कोटे में गयी है। झारखंड की इन पांच सीटों पर विरोध और बगावत के अलावा चतरा संसदीय सीट को लेकर कांग्रेस और राजद में दरार पैदा हो गयी है। इन तमाम विरोधों, बगावतों और दरार के बाद इंडी गठबंधन का एकजुट होकर चुनाव लड़ने का दावा कितना मजबूत है और इसके क्या परिणाम हो सकते हैं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रमुख दलों कांग्रेस और झामुमो ने लंबी माथापच्ची के बाद ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अब दोनों ही पार्टियों को कई सीटों पर अपने ही दल के नेताओं की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। दोनों दलों के सामने अभी पार्टी के भीतर का असंतोष थामने की चुनौती है। ऐसे में भितरघात का भी खतरा है।

जो नेता प्रत्याशी बनने के लिए लॉबिंग कर रहे थे, वे चुनाव के दौरान मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। यह महागठबंधन के लिए सिरदर्द हो सकता है। कांग्रेस को जहां गोड्डा, धनबाद और चतरा में विरोध का सामना करना पड़ रहा है, वहीं झामुमो के भीतर राजमहल और लोहरदगा में बगावत की आशंका पैदा हो गयी है।

### सबसे अधिक विरोध गोड्डा और चतरा में

कांग्रेस के भीतर सबसे अधिक विरोध गोड्डा और चतरा संसदीय सीट पर सुनाई दे रहा है। पूर्व सांसद और पार्टी के दिग्गज फुरकान अंसारी और उनके विधायक पुत्र डॉ इरफान अंसारी पार्टी द्वारा दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिये जाने का विरोध कर रहे हैं। इन पिता-पुत्र की जोड़ा के विरोध का स्वर कुछ ज्यादा ही मुखर है।

डॉ इरफान अंसारी ने तो यहां तक कह दिया है कि पार्टी ने गोड्डा सीट पर भाजपा को वाकओवर दे दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा है कि झारखंड के मुसलमान कांग्रेस से निराश हो गये हैं और इसका असर दूसरे क्षेत्रों में भी पड़ेगा। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी गोड्डा से टिकट के प्रबल दावेदार थे। इरफान का कहना है कि पार्टी और महागठबंधन दोनों को प्रत्याशी चयन में अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। वहीं चतरा में कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी बाहरी उम्मीदवार होने के कारण कांग्रेसी भी विरोध कर रहे हैं।

### विधायक प्रदीप यादव भी हुए निराश

गोड्डा संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट की दौड़ में पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव भी थे। उन्हें मौका नहीं मिलने से उनके समर्थक निराश हैं। समर्थकों ने खुल कर विरोध भी किया है। ओबीसी मतों की संख्या के आधार पर प्रदीप यादव दावेदारी कर रहे थे। चुनाव में उनकी नाराजगी गुल खिला सकती है।

पिछले चुनाव में प्रदीप यादव झाविमो के टिकट पर गोड्डा से चुनाव मैदान में उतरे थे। फिर वह पोड़ैयाहाट से विधायक चुने गये और झाविमो के भाजपा में विलय के बाद कांग्रेस में शामिल हो गये।

इसके बावजूद उन्हें टिकट नहीं मिला, तो उनका असंतुष्ट होना स्वाभाविक ही है।

## इनकी उम्मीदवारी का हो रहा विरोध


दीपिका पांडेय सिंह


अनुपमा सिंह


केएन त्रिपाठी


जोबा मांझी


सुखदेव भगत

## विरोध के झंडाबरदार हैं


फुरकान अंसारी


डॉ इरफान अंसारी


प्रदीप यादव


लोबिन हेंब्रम


चमरा लिंड

### मुस्लिमों-यादवों की उपेक्षा का लगा आरोप

गोड्डा में दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिये जाने का राजद ने भी विरोध किया है। उसके नेताओं ने कहा कि इंडी गठबंधन में मुस्लिमों और यादवों की उपेक्षा हो रही है। राज्य की 14 लोस सीटों में कहीं भी मुस्लिम और यादव को टिकट नहीं मिला है। झारखंड में यादव और मुस्लिम की बड़ी आबादी है। इन्हें नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। उनका कहना है कि ऐसे में झारखंड में मोहब्बत की दुकान कैसे सजेगी।

### धनबाद की प्रत्याशी का हो रहा विरोध

धनबाद संसदीय सीट से अनुपमा सिंह को कांग्रेस का टिकट दिया गया है। वह राजनीति में एकदम नया चेहरा हैं। उन्हें धनबाद जैसी सीट से टिकट मिलने से कुछ कांग्रेसी हतप्रभ हैं। कई कांग्रेसियों ने तो यहां तक कह दिया कि वे अनुपमा सिंह को जानते तक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है।

### चतरा में केएन त्रिपाठी का विरोध

चतरा से कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को टिकट दिया है, जबकि पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यहां इस बार स्थानीय का मुद्दा सबसे ऊपर है। ऐसे में किसी बाहरी को प्रत्याशी बनाने का मतलब हार स्वीकार कर लेना है। केएन त्रिपाठी पलामू के हैं, जबकि भाजपा ने एक स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को यहां से उम्मीदवार बनाया है।

राजद ने तो चतरा में केएन त्रिपाठी के विरोध का झंडा ही उठा लिया है। राजद के कार्यकर्ताओं ने रांची में आयोजित उल गुलान महारैली में केएन त्रिपाठी के समर्थकों के साथ जम कर मारपीट की। कुर्सियां फेंकी गयीं। पंद्रह मिनट से ज्यादा समय तक हंगामा होता रहा। रैली में अफरा तफरी मच गयी थी। किसी तरह राजद और केएन त्रिपाठी के समर्थकों को अलग किया गया। राजद कार्यकर्ता हाथ में बाहरी उम्मीदवार को बदलो की तख्तियां लिये हुए थे और केएन त्रिपाठी का विरोध कर रहे थे। केएन त्रिपाठी के समर्थकों ने भी जब नारेबाजी शुरू की, तो दोनों ओर से मारपीट हो गयी।

### चतरा को लेकर कांग्रेस-राजद में दरार

प्रत्याशियों के अलावा चतरा सीट को लेकर कांग्रेस और राजद के रिश्तों में दरार पैदा हो गयी है। राजद ने पहले चतरा सीट से राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता को टिकट देने की घोषणा की थी। भोक्ता ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया था। कांग्रेस ने इसका विरोध किया और अपना प्रत्याशी उतार दिया है। पार्टी का कहना है कि यह गलत है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस और राजद के बीच एक अदृश्य दीवार खड़ी हो गयी है, जिसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है।

### सिंहभूम में भी विरोध, कुछ प्रत्याशियों पर बाहरी का ठप्पा

विरोध के स्वर झामुमो कोटे की सीट सिंहभूम पर भी है। वहां 'हो' जनजाति का प्रत्याशी देने का दबाव है। घोषित प्रत्याशी जोबा मांझी संताल जनजाति से संबंध रखती हैं। इसके अलावा कुछ प्रत्याशियों पर बाहरी का ठप्पा लगाया जा रहा है।

### चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम की बगावत

इसके अलावा झामुमो के बागी नेता भी चुनौती बन रहे हैं। प्रत्याशियों की घोषणा से नाराज झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने पार्टी को चेतावनी दी है कि वह राजमहल से चुनाव लड़ेंगे। वहीं पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कोडरमा से चुनाव लड़ने का मन बनाया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक अन्य विधायक चमरा लिंडा भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। पिछले दिनों झारखंड पार्टी ने दावा किया था कि अगर लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा चुनाव लड़ेंगे, तो उनकी पार्टी इन दोनों नेताओं को अपना समर्थन दे देगी। झामुमो के भीतर बगावत के इन स्वरों को लेकर पसोपेश है। पार्टी नेतृत्व इन तीनों नेताओं को कैसे शांत करेगा, यह देखनेवाली बात होगी।

---

उलगुलान रैली को नेता प्रतिपक्ष ने बताया भ्रष्टाचारी जुटान

# 5 लाख नौकरियों का क्या हुआ: अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में आयोजित इंडिया गठबंधन की उलगुलान को लेकर भाजपा हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झारखंड सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट कर इंडी गठबंधन दल पर निशाना साधा। पहले तो उन्होंने इस महाजुटान को भ्रष्टाचारी जुटान बताया है। उन्होंने लिखा है भ्रष्टाचारीजुटान, झारखंड जैसे शांत राज्य में अशांति, दिन दहाड़े हत्याएं, मॉब लिंचिंग, लूट, छिनतई, ठगी, सरकारी सरंक्षण में संसाधनों की लूट हो रही है। सुभाष मुंडा, प्रकाश यादव, रूपेश पांडे, संजू प्रधान, जीतराम मुंडा, राजेंद्र साहू, सुमित केसरी, रामचंद्र उरांव जैसे कितने ही निदोर्षों की दिन दहाड़े हत्याएं हुईं। क्या इस पर शोक प्रकट करेंगे ये परिवारवादी-भ्रष्टाचारी?

### 5 लाख नौकरियों का क्या हुआ

अमर बाउरी ने अपने अगले ट्वीट में लिखा है, पूछता है झारखंड।

**वादे-** राज्य के 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, हर साल 5-7 जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाएं, पेपर लीक से निजात

**नतीजा -** वादे हैं वादों का क्या। इस पर क्या कुछ बोलेंगे परिवारवादी और भ्रष्टाचारी?



### झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही

**पूछता है झारखंड?**

तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त ठगबंधन सरकार में आदिवासी क्षेत्रों की डेमोग्राफी बदली जा रही है। दुमका की अंकिता, रांची की मानवी समेत न जाने झारखंड की कितनी ही बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही हैं। धड़ल्ले से धर्मांतरण हो रहा है। क्या इसपर अपनी आपत्ति जतायेंगे ये परिवारवादी और भ्रष्टाचारी?

---

# पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश

## झारखंड को विकास के मानकों पर शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य भी

**स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की।

भारत के 18 राज्यों से आये विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ-साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया।



सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला और संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की।

इसके साथ ही उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के

विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में जनसेवा रहा। कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है।

राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है।

सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सप्रेस, उड़ान कोचिंग, स्मार्ट स्कूल, सिल्ली स्टेडियम, आधारभूत संरचनाओं की मजबूती जैसी अन्य कई विकास कार्यों की जानकारी इलेक्शन ऑन व्हील्स के सभी प्रतिभागियों को दी गयी। सिल्ली के विकास को देखने के लिए सुदेश महतो ने सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

---

उलगुलान महारैली पर बोले राजेंद्र प्रसाद

# सदानों से भेदभाव की नीति ने झारखंड को बर्बाद कर दिया

**सार्थकता तब होती, जब मूलवासी सदानों की भागीदारी होती**

**जयपाल सिंह मुंडा से जेएमएम सहित अन्य सभी दलों को सीखने की जरूरत: राजेंद्र प्रसाद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदानों की ताकत को जयपाल सिंह मुंडा जानते थे। मूलवासी सदानों का साथ मिले बिना, झारखंड राज्य बनना संभव नहीं है, इसलिए मूलवासी सदानों को जोड़ने के लिए जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी महासभा को 1950 में भंग कर झारखंड पार्टी का गठन किया था। इसके बाद जयपाल सिंह मुंडा को मूलवासी सदानों का समर्थन मिला और झारखंड पार्टी के गठन के बाद विधानसभा के पहले चुनाव में झारखंड पार्टी को 35 विधानसभा की सीट मिली थी। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कही।

झामुमो के द्वारा धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान महारैली को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि महारैली में एक वर्ग की भीड़ जुटाने से जेएमएम को बहुत फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से जेएमएम सहित सभी दलों को सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मूलवासी सदानों को भी उन्हें जोड़ना पड़ेगा तब जाकर झामुमो को इसका लाभ मिल सकता है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा एक सामाजिक संगठन है। इस संगठन के माध्यम से हम झारखंड राज्य के हित में सभी दलों को अपनी सलाह देते रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वास्तव में व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं और वे सभी का सम्मान करते हैं। लेकिन सिर्फ सम्मान देने से किसी का पेट नहीं भर जाता है, उन्हें मूलवासी सदानों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करना चाहिए था और राजनीति भागीदारी के साथ-साथ सदानों के हितों में भी काम करना चाहिए था।

# पहले चरण में कम वोटिंग से विपक्षी दलों को ज्यादा नुकसान

## आकलन



**राहुल सिंह**

21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को हुई वोटिंग के बाद कम वोटिंग ट्रेंड को लेकर काफी चर्चा है। जानकारों के अनुसार अभी इस वोटिंग से कोई ठोस ट्रेंड निकालना कठिन है। साथ ही इससे ओवरऑल वोटिंग का ट्रेंड भांपना भी सही नहीं है। हालांकि जिस तरह पहले चरण में अपेक्षाकृत कम वोट पड़े हैं, उससे सभी दलों का गणित बिगड़ गया है। कम वोटिंग से किसे लाभ या किसे नुकसान होगा, इसे जानने की कोशिश की जा रही है। शुक्रवार को हुई वोटिंग में लगभग 63% वोट पड़े जबकि इन्हीं सीटों पर 2019 के आम चुनाव में कुल 66.44% वोटिंग हुई थी।

पहले राउंड में कम वोटिंग के बाद सभी दल अपने बूथ मैनेजमेंट में व्यस्त हो गये। जानकारों के अनुसार नजदीकी मुकाबले में जो राजनीतिक दल अपने-अपने वोटरों को बूथ तक भेजने में सफल रहेंगे, जिनके कार्यकर्ता सक्रिय रहे होंगे, वे अधिक लाभ में रहेंगे। अब तक आये आंकड़े के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में वोटिंग कम हुई। खासकर तमिलनाडु के शहरों में। बीजेपी का तर्क है कि उसके वोटर बेहद उत्साह से निकल रहे हैं। विपक्षी दलों का भी ऐसा ही दावा है। इन दावों के बीच इनकी चिंताएं भी हैं। सामान्य तौर पर बहुत अधिक वोटिंग होने से ऐसा संदेश जाता है कि यह परिवर्तन के लिए उमड़ी भीड़ है, जबकि उदासीन वोट से संदेश जाता है कि वोटरों में बदलाव की चाह नहीं है, जिसे सत्ता पक्ष अपने लिए उम्मीद के रूप में देखता है। हालांकि यह मिथ भी हाल के दौरान कई चुनावों के दौरान टूटा है। 2019 आम चुनाव में भी पहले दो चरणों में वोटिंग के कम होने का ट्रेंड दिखा था, लेकिन बाद में इसमें बाकी चरणों में बढ़ोतरी हो गयी थी।

### कम मार्जिन वाली सीटों पर पड़ेगा असर

2019 के आम चुनाव में लगभग 75 ऐसी लोकसभा सीटें थीं, जहां बहुत कांटे की टक्कर थी। इन सभी सीटों पर जीत-हार का अंतर 20 हजार से भी कम वोटों का था। कम वोटिंग होने से ऐसी सीटों पर बहुत असर पड़ेगा और परिणाम किसी भी तरफ झुक सकता है। परिणाम इसी बात से तय होगा कि किस दल ने अपने वोटर को बूथ तक लाने में अतिरिक्त मेहनत की। यही कारण है कि शनिवार को सभी दलों ने वोटिंग के बाद अपनी रणनीतिक मीटिंग की और ग्राउंड फीडबैक लिया। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में गर्मी बढ़ने ही वाली है। यह और चिंता बढ़ाने वाली है।

# गोवा के इतिहास में भाजपा की पहली महिला उम्मीदवार पल्लवी डेंपो

## चर्चित चेहरे

**सलोनी**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार किसी महिला उम्मीदवार को दक्षिण गोवा सीट से मैदान में उतारा है। डेंपो इंडस्ट्रीज लि. की कार्यकारी निदेशक और डेंपो चैरिटीज ट्रस्ट की ट्रस्टी पल्लवी डेंपो के सहारे भाजपा अपनी महिला सशक्तीकरण की छवि को मजबूत करना और कांग्रेस के गढ़ में अपनी तीसरी जीत तलाशना चाहती है। रसायन विज्ञान में स्नातक और एमआइटी पुणे से बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए पल्लवी ने नाम की घोषणा के बाद पणजी कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि नयी शुरुआत का कोई समय नहीं होता। भाजपा की विचारधारा में भरोसा है, इसलिए साथ आयी। भाजपा यहां सिर्फ दो बार 1999 और 2014 में जीती है। कांग्रेस 10 बार इस सीट पर कब्जा जमा चुकी है।



पल्लवी ने नामांकन में पति के साथ मिला कर 1400 करोड़ रुपये की संपत्ति का खुलासा किया है। पल्लवी के पास लग्जरी गाड़ियां, दुबई और लंदन में एक-एक अपार्टमेंट भी है। पल्लवी शिक्षा, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। पल्लवी के पति श्रीनिवास डेंपो फुटबॉल से लेकर रियल एस्टेट और शिप बिल्डिंग तक के काम में सक्रिय डेंपो ग्रुप के चेयरमैन हैं। उन्होंने 2019 से 2024 के बीच करीब 1.35 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे थे।

# उलझा है जादवपुर सीट की त्रिकोणीय पहेली का समीकरण

## बैटल ऑफ बंगाल



**विद्यासागर**

बीते सालों में बंगाल की राजनीति में जिस तरह टीएमसी ने लेफ्ट को सत्ता में वापसी से रोका है और बीजेपी ने अपने लिए जगह बनायी है, उसे देखते हुए कहना गलत नहीं कि बंगाल की राजनीति और यहां के वोटर हमेशा चौंकाते रहे हैं। इस बार जादवपुर सीट पर बीजेपी के डॉ अनिर्बान गांगुली की उम्मीदवारी भी ऐसे ही चौंकाती है। यह सीट अप्रत्याशित इतिहास का हमेशा से गवाह रही है। 1984 में ममता बनर्जी ने उस वक्त के सीपीएम के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हरा कर चुनावी राजनीति में अपना दखल महसूस करवाया था। लेकिन उसके बाद जादवपुर यूनिवर्सिटी की ही प्रोफेसर मालिनी भट्टाचार्य ने अगले चुनाव में उन्हें यहां से बाहर का रास्ता दिखाया था और वो दक्षिण कोलकाता शिफ्ट हो गयी थीं। पिछली बार इस सीट पर मिमी चक्रवर्ती तीन लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं। इस बार टीएमसी के लिए मामला इतना आसान नहीं। सीपीएम के सृजन भट्टाचार्य और बीजेपी के बीच ये सीट त्रिकोणीय मुकाबले की ओर संकेत कर रही है। हालांकि पिछली बार मुकाबले में दूसरे नंबर पर रही बीजेपी पूरा जोर लगा रही है। लोग कहते हैं कि चुनाव बंगाल में भले ही हो रहे हैं, लेकिन वोट तो दिल्ली के लिए ही डाले जा रहे हैं। वहां इंडी गठबंधन की कोई हवा नहीं है। लोगों के पास विकल्प नहीं, इसलिए ये तय है कि बीजेपी के वोटों का आंकड़ा इस बार पहले से बेहतर होगा। यह सही है कि ममता बनर्जी ने हमेशा जमीनी राजनीति की है, लेकिन वो जिन लोगों से घिरी हुई हैं, वो भ्रष्ट हैं। इसका असर प्रशासन पर दिखता है। लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए कहते हैं कि बिना सबूत किसी को इतने दिनों तक अंदर नहीं रखा जा सकता, आरोप तो राहुल और सोनिया गांधी पर भी हैं। उन पर तो किसी ने हाथ नहीं डाला। दिक्कत ये है बीजेपी ने इस सीट से किसी हैवीवेट को नहीं उतारा है। कोलकाता के इस हिस्से के लोग उम्मीदवारों का चेहरा देख कर वोट करते हैं। लेकिन 80 फीसदी लोग इस सीट से बीजेपी के कैंडिडेट का नाम ही नहीं जानते। वहीं सीपीएम के सृजन भी युवा हैं लेकिन उनकी राजनीति में खास पहचान नहीं। ऐसे में सियोनी घोष के पास टीएमसी का टैग है और ये फिलहाल उनके पक्ष में जाता है।

देश की टॉप-10 यूनिवर्सिटी में से एक जादवपुर यूनिवर्सिटी सिर्फ अपनी अकादमिक क्षमता को लेकर ही नहीं, बल्कि अपने अलग राजनीतिक मिजाज के लिए भी जानी जाती है। इस बात की तस्दीक यूनिवर्सिटी में घुसते ही हो जाती है। 68 एकड़ में फैले कैंपस में जगह-जगह दीवारों गांव छोड़ब नाहि, पितृसत्ता को खत्म करो जैसे नारे यहां के राजनीतिक रुझान जाहिर कर देते हैं। यहां का आदर्श वाक्य हैः जानना ही बढ़ना है। वामपंथियों के असर वाले इस कैंपस का एक विरोध प्रदर्शन सिटी ऑफ जॉय को ठप करने के लिए काफी है। कैंपस में युवाओं से बात करने पर उनमें मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को लेकर एक निराशाजनक भाव दिखता है। नाम ना बताने की शर्त पर एक छात्र ने कहा कि बीजेपी और टीएमसी दोनों के ही यहां दखल की वजह से यहां बहुत ज्यादा सांस्कृतिक बदलाव हो रहा है। वो कहते हैं 'ममता ने बीजेपी के साथ समझौता कर लिया है।

# दूसरे चरण में तय होगा शरद पवार-उद्धव ठाकरे का राजनीतिक भविष्य

## दि ग्रेट मराठा वॉर



**राजीव**

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में महाराष्ट्र की आठ सीटों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। इन सीटों पर लड़ाई चुनावी हार-जीत से ज्यादा सम्मान और राजनीतिक भविष्य की मानी जा रही है। इस क्षेत्र में मराठा राजनीति के पितामह शरद पवार की एनसीपी और मराठी अस्मिता को एक नयी ऊंचाई देने वाले बाला साहेब ठाकरे की शिवसेना पार्टी की परंपरागत पकड़ रही है। यदि एनसीपी का शरद पवार गुट और शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट इस क्षेत्र में जीत हासिल कर अपनी पकड़ बनाए रखने में सफल हो जाता है, तो यही माना जायेगा कि दोनों दलों में दो फाड़ होने के बाद भी मतदाताओं का शरद पवार-उद्धव ठाकरे के ऊपर विश्वास बना हुआ है, लेकिन यदि ये नेता अपनी जमीन पर पकड़ बनाये रखने में सफल नहीं हो सके, तो इससे यही संकेत जायेगा कि मराठा राजनीति और शिवसेना की परंपरागत राजनीति में नये ध्रुव स्थापित हो चुके हैं। इससे मराठा राजनीति को एक नयी दिशा मिल सकती है। माना यही जा रहा है कि इस क्षेत्र में लड़ाई 'पवार बनाम पवार' या 'शिवसेना बनाम शिवसेना' की हो सकती है, लेकिन भाजपा इस क्षेत्र में पूरा चुनाव 'मोदी बनाम राहुल' बनाने की कोशिश कर रही है। उसके नेता-कार्यकर्ता लोगों के बीच यही समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में बात राष्ट्रवाद और हिंदुत्व जैसे ज्यादा बड़े मुद्दों की है, लिहाजा मतदाता बड़े मुद्दों को ध्यान में रखते हुए ही मतदान करें। वहीं, महाविकास अघाड़ी गुट इसे मराठा अस्मिता और ठाकरे परिवार से बगावत जैसे भावनात्मक मुद्दों की ओर खींचने की कोशिश कर रहा है।

महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट नवनीत राणा की उम्मीदवारी के कारण खूब चर्चा में हैं। इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं नवनीत राणा ने इसी सीट पर पिछले चुनाव में शरद पवार की पार्टी एनसीपी के सहयोग से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर बड़ी जीत हासिल की थी। हालांकि, एनसीपी के सहयोग से चुनाव जीतने के बाद भी वे लगभग हर मुद्दे पर मोदी सरकार के साथ खड़ी दिखाई देती रहीं। इसे उनकी भविष्य की राजनीति के लिए जमाई जा रही फील्डिंग के तौर पर देखा गया था। अपने पति के साथ हिंदुत्ववादी चेहरे के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली नवनीत राणा पिछले समय तब बहुत ज्यादा सुर्खियों में रही थीं, जब उन्होंने तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और सड़कों पर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगी थीं। भाजपा को उनकी उस हिंदुत्ववादी छवि का लाभ मिलने का अनुमान है। नवनीत राणा ने पिछला चुनाव शरद पवार के सहयोग से जीता था। इस बार महाविकास अघाड़ी गठबंधन के सहयोगी शरद पवार का सहयोग इसी सीट पर चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े के पक्ष में होगा। ऐसे में नवनीत राणा और बलवंत वानखेड़े के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है। बलवंत वानखेड़े ने 2019 में ही कांग्रेस का हाथ थामा और विधायक बन गये। इस बार वे लोकसभा चुनाव में मैदान में हैं। इसी तरह अकोला की सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुप धोत्रे चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर वे अपने चार बार के सांसद पिता संजय धोत्रे की राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं। उनके पिता संजय धोत्रे इस सीट पर 2004 से अब तक लगातार जीत हासिल करते आ रहे थे। लिहाजा अनूप धोत्रे को अपने पिता की राजनीतिक जमीन का लाभ मिल रहा है, हालांकि पिता की लंबी राजनीतिक विरासत के एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर के कारण उन्हें कुछ नुकसान भी हो सकता है।

अनूप धोत्रे को इस सीट पर सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अभय पाटिल से मिल रही है, लेकिन 1998 और 1999 में इसी सीट पर चुनाव जीत चुके प्रकाश अंबेडकर को अनूप धोत्रे के सामने असली चुनौती माना जा रहा है। यदि प्रकाश अंबेडकर और डॉ अभय पाटिल के बीच वोटों का बंटवारा हुआ, तो इसका सीधा लाभ अनूप धोत्रे को मिल सकता है। बुलढाणा को शिवसेना के गढ़ के तौर पर देखा जाता है। शिवसेना ने 1999 से अब तक इस सीट पर अपना कब्जा लगातार बरकरार रखा है। प्रतापराव गनपतराव जाधव इस सीट पर तीन बार से लगातार जीत हासिल कर रहे हैं। इस बार वे शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) से उम्मीदवार हैं। ऐसे में पहली नजर में इस सीट पर प्रतापराव की दावेदारी मजबूत दिखाई पड़ रही है, लेकिन शिवसेना की परंपरागत सीट होने के कारण इस सीट पर उन्हें शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के उम्मीदवार नरेंद्र खेड़ेकर से कड़ी टक्कर मिल रही है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिवसेना के परंपरागत वोटर एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना पर अपना भरोसा जताते हैं, या उद्धव ठाकरे को सहानुभूति का लाभ मिलता है। परभणी लोकसभा सीट भी शिवसेना की परंपरागत सीट मानी जाती है। पार्टी ने 1999 से अब तक इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। ऐसे में इस सीट पर भी एकनाथ शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे की लड़ाई देखने को मिलने वाली है। 2014 और 2019 में इस सीट से शिवसेना के संजय जाधव ने जीत हासिल की थी। संजय जाधव शिवसेना के उन पांच सांसदों में से एक हैं, जिन्होंने एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद भी उद्धव ठाकरे के साथ अपनी वफादारी बनाये रखी है। इस बार भी वे शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के उम्मीदवार हैं। संजय जाधव को परभणी लोकसभा सीट से सबसे ज्यादा चुनौती महायुति के सहयोगी दल राष्ट्रीय समाज पक्ष के अध्यक्ष महादेव जानकर से मिल रही है। अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के कारण प्रभावशाली लोगों में शामिल महादेव जानकर संजय जाधव के सामने अच्छी चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट पर बसपा, एसडीपीआई और एमआइएमआईएम ने मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर भी संजय जाधव की परेशानी बढ़ा दी है।

# एनडीए और इंडिया अलग-अलग सियासी पिच पर

## टिप्पणी

**प्रशांत**

आम चुनाव का सियासी क्लाइमेक्स अब चरम पर पहुंच गया है। सात चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण का चुनाव भी शुक्रवार को समाप्त हो गया। नतीजा 4 जून को पता चलेगा, लेकिन अगर अब तक चुनाव प्रचार और लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के तरीके को देखें, तो पक्ष और विपक्ष एकदम अलग रणनीति पर काम कर रहे हैं। दोनों की सियासी धारा एकदम अलग दिख रही है।

## एक बोले पीएम चुनें, दूसरा कहे एमपी



### एनडीए का नैरेटिव, पीएम चुनें देश के लिए

अगर बीजेपी की अगुआई में एनडीए का अब तक का चुनावी प्रचार देखें तो स्पष्ट है कि उसका पूरा चुनाव नरेंद्र मोदी के नाम, काम और करिश्मे के भरोसे है। सिर्फ बीजेपी ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगियों के लिए भी सबसे बड़ा और अकेला सियासी तुरुप का पत्ता नरेंद्र मोदी ही हैं। 'मोदी की गारंटी' इनका सबसे प्रमुख चुनावी थीम और हथियार दिखा है। पार्टी के मौजूदा सांसद या स्थानीय इनकंबेंसी को काउंटर करने के लिए इस चुनाव को राष्ट्र का चुनाव बनाया जा रहा है और पीएम नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार चुनने लिए वोट मांगा जा रहा है। एनडीए को अहसास है कि नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में तो कहीं कोई गिरावट नहीं है, लेकिन कई जगह स्थानीय समीकरण उसके खिलाफ हो सकते हैं। इसका काउंटर करने के लिए राष्ट्रीय मुद्दों को सामने लाकर चुनाव को 'मोदी चाहिए या नहीं चाहिए' वाला बनाया जा रहा है। चुनाव को प्रेजिडेंसियल फार्म में ले जाया जा रहा है। हालत यह है कि बिहार में पूर्णिया लोकसभा सीट पर जेडीयू उम्मीवार के रोड शो में उनके सामने नरेंद्र मोदी की बड़ी फोटो लगी थी और उनके दल के नेता नीतीश कुमार की तस्वीर ही गायब थी। यही सूरत दूसरे सहयोगी दलों में भी दिखी। सहयोगी दल भी अपने इलाके में पीएम मोदी की रैली की सबसे अधिक मांग कर रहे हैं। पीएम मोदी भी इस बार मजबूत देश के लिए मजबूत सरकार को आधार बना कर मैदान में दिख रहे हैं।

### विपक्षी गठबंधन की रणनीति, एमपी चुनें

विपक्षी गठबंधन पूरे चुनाव को स्थानीय मुद्दों और अपने लुभावने वादों के इर्द-गिर्द रखने की कोशिश में है। विपक्षी दल 'पीएम नहीं, एमपी चुनें' वाले नैरेटिव पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में वे चुनाव को अधिकतर स्थानीय रंग देने की कोशिश में हैं। विपक्ष के एक सीनियर नेता ने कहा कि दिल्ली को केंद्र में रख कर प्रचार जितना हाइ वोल्टेज दिखेगा, उनके लिए मौके उतने ही कम हो जायेंगे। वह इस बात का जवाब दे रहे थे कि विपक्ष का चुनाव प्रचार बीजेपी के मुकाबले फीका क्यों दिखता है। तमाम विपक्षी दल स्थानीय मुद्दे और स्थानीय उम्मीदवार को ही ऊपर रख रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस 38 लाख सरकारी नौकरियां या महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना मानदेय जैसे लोक लुभावने वादों की बात कर रही है। वहीं विपक्ष जमीन पर संविधान बदलने की आशंका को भी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे इनकी मंशा खासकर दलित और ट्राइबल वोट को अपने पक्ष में करने की है। इसीलिए पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में नरेंद्र मोदी ने इस आरोप को काफी आक्रामक रूप से काटने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन तो सबसे ज्यादा कांग्रेस ने 80 बार किया है। हमारा संविधान पूरी तरह सुरक्षित है। उसे कोई नहीं बदल सकता।

### इस बार मोदी नहीं, नीतियों पर हमला!


2014 से अब तक कई चुनावों में मिली हार के बाद इस बार विपक्ष ने पहली बार चुनाव में सीधे नरेंद्र मोदी पर हमला नहीं करते हुए उनकी नीतियों और रोजगार, संविधान बदलने जैसे मुद्दे चुने हैं। साथ ही बड़े विपक्षी नेता राष्ट्रीय मुद्दों से परहेज कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के नेता अपने राज्यों के मुद्दे के साथ चुनाव में हैं। नरेंद्र मोदी हमेशा राजनीति को अपने हिसाब से पिच पर मोड़ने के लिए जाने जाते हैं। वह कहीं न कहीं चुनाव को देश के विकास और विरासत से जोड़ने में सफल रहे हैं। साथ ही तमाम ओपिनियन पोल में भले बीजेपी को पूर्ण बहुमत से बड़ी जीत का अनुमान जताया गया, लेकिन उनके सर्वे में बेरोजगारी और महंगाइ मुद्दे भी सबसे अहम रहे। इन सब विरोधाभासों के बीच चुनाव करीब आते-आते माहौल तमाम करवटें ले रहा है, लेकिन जैसा कि राजनीति में कहा जाता है कि चुनाव में मुद्दे-मसले बदलने के लिए 24 घंटे का भी वक्त बहुत होता है, अभी कुछ भी हो सकता है, क्योंकि चुनाव पूरी तरह समाप्त होने में महीने से भी अधिक का वक्त है।

# 1989 में रक्षा मंत्री ने कर दिया था चुनाव लड़ने से इनकार

## ऐसा भी हुआ था

**राजवीर**

किस्सा 1989 के आम चुनाव का है। कांग्रेस में गुटबाजी हावी थी। इससे कांग्रेस सरकार में रक्षा मंत्री रहे कृष्ण चंद्र पंत इतने दुखी हो गये कि उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्हें नयी दिल्ली और आंवला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया था। 31 अक्तूबर 1989 को प्रकाशित समाचार के अनुसार, तत्कालीन रक्षा मंत्री केसी पंत ने कांग्रेस के तौर-तरीकों से नाराजगी के चलते नयी दिल्ली और आंवला दोनों सीटों से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।



रक्षा मंत्री ने कहा था कि वह कांग्रेस से विद्रोह नहीं कर रहे, बल्कि पार्टी की घटिया राजनीति के कारण यह निर्णय लिया है। पंत ने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री राजीव गांधी से बात हुई थी, जिसमें उन्हें पुश्तैनी सीट नैनीताल से चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दी थी। उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी थी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह रक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देंगे, कहा कि इस बारे में वह प्रधानमंत्री से बात करेंगे। पंत के इनकार के बाद कांग्रेस ने हड़बड़ाहट में वीवी गिरि की पुत्रवधू को नयी दिल्ली से प्रत्याशी घोषित कर दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.4 °c | 25.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.22 बजे |



## जब कल्पना सोरेन ने पढ़ा हेमंत का संदेश

# युवाओं में जागा जोश चहुंओर नारों की गूंज



सुनील सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को भीषण गर्मी के कारण राजधानी की सड़कों पर अपेक्षाकृत भीड़ ज्यादा दिखायी नहीं पड़ी, लेकिन धुर्वा की ओर आगे बढ़ने पर यह आभास जरूर होने लगा था कि कुछ तो खास होनेवाला है। हर तरफ न्याय उलगुलान महारैली के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स लगे दिखे। पुलिस की मुस्तैदी भी खास कार्यक्रम के आहट को बता रही थी। इसी बीच करीब साढ़े चार बजे कल्पना सोरेन ने जब हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा, तो रैली में आये युवाओं का जोश जगा और हर तरफ नारों की गूंज सुनायी देने लगी। भीड़ में शामिल एक युवा नरेंद्र महतो, जो युगसलाई से आया हुआ था। उसके मन में भी हेमंत सोरेन के जेल जाने का दर्द साफ छलक रहा था। पूछने पर बताता है कि जब कल्पना सोरेन ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा तो भुजाएं फड़कने लगीं। साफगोई से कहता है कि परिसीमन होने से झारखंड में आदिवासियों के लिए जितनी भी आरक्षित सीटें हैं, वह गैर आरक्षित हो जायेंगी। इसका सीधा नुकसान हम आदिवासियों को उठाना होगा। झारखंड का गठन आदिवासी समाज के उत्थान के लिए ही हुआ है। यदि आदिवासी नेतृत्वकर्ता ही



नहीं लोकसभा और विधानसभा में रहेंगे, तो आदिवासी समाज की बात क्या बाहरी करेंगे। उनकी बातों को महारैली में मौजूद अन्य आदिवासी युवा भी करते हैं। सभी युवाओं की उम्र बीस से तीस बरस के बीच की होगी।

### पानी की बोतल लेकर पहुंचे थे लोग

महारैली में अपने पसंदीदा नेता को सुनने के लिए दूर दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। लोग दिन के 12 बजे से आने लगे थे। कौन नेता आपको यहां लाये हैं, इस सवाल पर उनकी भौंहे तन जाती है। गुस्से में कहते हैं, हमको कौन लायेगा। बस पर सवार होकर यहां आये हैं। हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जेल भेजा गया है। ये लोग आप मीडिया वाले भी जानते हैं। हेमंत को ताकत देने के लिए हम यहां आये हैं। सत्तु-नींबू और पानी की बोतल लेकर पहुंचे हैं जुगसलाई से। महारैली में सरायकेला-खरसांवा से भी बड़ी संख्या में झामुमो समर्थक पहुंचे हुए थे। जब सीएम चंपाई सोरेन ने स्थानीय भाषा में बीच में ही अपना संबोधन प्रारंभ कर दिया, तो वहां से पहुंचे लोगों की खुशी का ठिकाना देखते ही बन रहा था।

## अच्छा होता महारैली में पिछले पांच साल का रिपोर्ट कार्ड दिखाते : डॉ गुरु प्रकाश

**संविधान की रक्षा की दुहाई देनेवाले न्यायपालिका का अपमान कर रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में हिम्मत थी तो रविवार की रैली में पिछले 5 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले 5 साल में उनके द्वारा किये गये दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। सरकार के मंत्री का कहना है कि अब तक झारखंड में महज जेपीएससी से 400 नियुक्तियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं था। यही कारण है कि नकारात्मकता के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। वे हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रैली में मंच साझा करने वाली पार्टियां का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निर्माता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया।




### परिवार से बाहर नहीं निकली झामुमो पार्टी

**झारखंड मुक्ति मोर्चा को देख लें। स्थापना के बाद से अब तक यह पार्टी परिवार से बाहर नहीं निकली है। आम आदमी पार्टी का भी यही स्थिति है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं।भारतीय जनता पार्टी वादे के अनुरूप हर वर्ग का विकास की है। मोदी के सत्ता में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली कांग्रेस जगजीवन राम, सीता राम केसरी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी अपमान की है। डॉ अंबेडकर को सत्ता में रहते भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस शुरू से सनातन विरोधी रही है। तुष्टिकरण है इनका ध्येय रहा है। आतंकियों के मारे जाने पर उसे सहित का दर्जा दे रहे हैं।**

### लालू ने कहा था, मेरी लाश पर झारखंड बनेगा

डॉ पासवान ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। बिहार के तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है। बिहार में मुख्यमंत्री लालू बनेंगे। अवसर मिलने पर पत्नी राबड़ी देवी नेता प्रतिपक्ष बनेंगी। दोनों बेटा उपमुख्यमंत्री बनेंगे। बेटी राज्यसभा जायेगी। इस बार मौका मिला तो फिर बेटी को ही लोकसभा चुनाव लड़ा रहे हैं।

### रैली चल रही थी और हिंसा हो रही थी

डॉक्टर पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में हैं। संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियां न्यायपालिका का अपमान कर रही हैं। रैली में शर्मसार करने वाला दृश्य सामने आया है। मर्यादित और असभ्य हरकत की गयी। रैली चल रही थी और हिंसा हो रही थी। अपशब्द बोले जा रहे थे। ऐसे में इन लोगों को लोकतंत्र और संविधान पर बोलने का कोई अधिकार नहीं रहा जाता है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज और चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया सह प्रमुख तारिक इमरान भी मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलने की संभावना, नौकरी में उन्नति। |
| वृष | शत्रुओं पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे। कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| मिथुन | इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है,नये काम में लाभ मिलेगा। |
| कर्क | आपके परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। पुराने शुभचिन्तक काम आयेंगे। शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे। |
| सिंह | सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी। |
| कन्या | नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेगें। |
| तुला | विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| वृश्चिक | राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन। |
| धनु | आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी साहसिक कार्य में सफलता पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। |
| कुंभ | लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा। |
| मीन | चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

## इंडी गठबंधन अनुसूचित जाति समाज का कर रहा है शोषण : उपेंद्र

**रांची।** भाजपा नेता एवं अनुसूचित जाति समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जो वर्ग पहले शोषित था। आज वह वर्ग गरीब दलितों का शोषण कर रहें है बिहार में राजद, यूपी में समाजवादी और झारखंड में झामुमो। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस इसी तरह से कई राज्यों क्षेत्रीय दल गरीब अनुसूचित जाति बहुजन समाज के लोगों का शोषण व कर रहे हैं। यही वजह है कि आज बड़े पैमाने पर अनुसूचित जाति समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी के नीति सिद्धांत कार्य योजना, विकास एवं बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने व सम्मान को ध्यान में रख कर वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें से कई दल ऐसे हैं जो अनुसूचित जाति को खुलेआम गाली दे रहे हैं। अनुसूचित जाति के आरक्षण, पदोन्नति, आदि के विरोधी हैं, लेकिन वह दिखावे के लिए बहुजन कॉन्सेप्ट अलापते रहते हैं और संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने के भ्रम फैलाते हैं। जबकि सच कुछ और है उन्होंने कहा कि आज झारखंड सरकार भी अनुसूचित जाति की कई क्षेत्र में प्रताड़ित व संवैधानिक अधिकार छीनने का काम किया है। चाहे मेयर सीट हो, अनुसूचित जाति छात्रावास हो स्थानीय नीति हो अनु जाति आयोग मंत्रिमंडल में एक भी अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व नहीं दिया। वहीं राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र पासवान ना कहा कि राजद के नेता चिराग पासवान सहित अनुसूचित जाति समाज को गाली दे रहा जिसका जबाब समाज वोट से देगा।

## अरुण वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे जेएमएम कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर समिति के पूर्व सचिव युवा नेता अरुण वर्मा के नेतृत्व में उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए रांची खादगढ़ा सब्जी मंडी पहाड़ी मंदिर के समीप से 1000 से अधिक कार्यकर्ता बाइक ऑटो कार में सवार होकर प्रभात तारा मैदान पहुंचे। रैली में मुख्य आकर्षण का केंद्र बड़े-बड़े कट



आउट हाथ में लिये कार्यकर्ता थे जिसमें तरह-तरह के स्लोगन लिखे हुए थे। रेल बेच दो तेल बेच दो मोदी जी भेल बेच दो जो आपके खिलाफ आवाज उठाएं हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दो, जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल छूटेगा। रैली में मुख्य रूप से अरुण वर्मा, विक्रम सिंह, सुजीत कुजूर, विक्रांत विश्वकर्मा, सत्येंद्र वर्मा, अजय शर्मा, रमेश मिस्त्री, मोहम्मद नाजिम शाह, हसन अंसारी, अजय वर्मा के साथ अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता साथ रहे।

## सबसे किफायती फीस के साथ 'जीत मंत्र क्लासेस' बाजार में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीत मंत्र क्लासेस पंचम तल्ला गैलक्सी मॉल रातू रोड रांची में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि आरिफ नासिर बट और जीत मंत्र के निदेशक जितेन्द्र प्रसाद और रंजन कुमार ने सयुक्त रुप से फीता काट कर किया। जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां बच्चों को हमें वैसी दुनिया का सपना दिखाते हैं जहां सीखना एवं रोमांच है और हर बच्चा अपनी अनूठी महाशक्तियों को खोजना है। यहां छात्रों को हर अध्याय के नोट्स, सप्ताहिक जांच परीक्षा, पुरस्कार वितरण, अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी विषय की तैयारी,कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं, शंका का




समाधान के लिए अलग से कक्षा, मजेदार तरीकों से अंग्रेजी बोलना सिखाया जाता है। यहां सबसे कम फीस 999 रुपए सालाना पर क्लास 7 से क्लास 12 तक की सभी विषय को पढ़ाई की जाती है । छात्रों को फ्री डेमो क्लास ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों की सुविधा है। जीत मंत्र क्लासेस में छात्रों की सुविधा के लिए वाई-फाई पूरे कैंपस में और छात्रों के लिए लाइब्रेरी की भी सुविधा उपलब्ध है। छात्रों को यहां वैदिक गणित, रोबोटिक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डांस, संगीत, कला और शिल्प योग और ध्यान, कार्यशालाएं वोलंट्रिंग, हिंदी इंग्लिश, संस्कृत भाषा समेत सभी तरह की शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक जितेंद्र प्रसाद, रंजन कुमार,मनोरंजन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## इतिहास से सबक लेकर बेहतर भविष्य बना सकते हैं: हरिवंश

**बसंत हेतमसरिया की पुस्तक का विमोचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गये। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उक्त बातें राज्यसभा के उप सभापति सह वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश ने कही। वे रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की



पुस्तक *1940: विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन* पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। पुस्तक पर चर्चा करते हुए विनोबाभावे विवि के डीन डॉ. मिथिलेश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में इतिहास बनाने की जगह बिगाड़ा जा रहा है।

उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेंगे, तो फिर इतिहास को दुबारा से भुगतने के लिए अभिशप्त होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि इतिहास की जानकारी रहने पर हम उन गलतियों को दुहराने से बच सकते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उरांव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेंदू नारायण, वीके गढयाण, समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआइटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रशासन केस वापस ले, नहीं तो आंदोलन : केंद्रीय सरना समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में सरहुल पूजा महोत्सव 2024 की समीक्षा बैठक की गयी। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की एवं अन्य पदाधिकारी पर केस हुआ



जिस पर चिंतन मंथन किया गया। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा में षड्यंत्र के तहत केस किया गया। लेकिन समाज के लोग अब समझ चुके हैं। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के सरंक्षक ललित कच्छप, महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, पंचम तिर्की, प्रदीप लकड़ा एवं अन्य शामिल थे।

# आलोक कुमार दुबे सर्वसम्मति से झारखंड पासवा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

## राज्य कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों के गठन की जिम्मेवारी प्रदेश अध्यक्ष को दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को होटल शिवानी इंटरनेशनल हीनू रांची में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की प्रदेश कार्य समिति एवं जिला अध्यक्षों की बैठक आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

उपरोक्त बैठक में झारखंड के 24 जिलों से जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और उन्होंने सर्वप्रथम पूर्ण सहमति से एक स्वर में सर्वप्रथम पासवा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे को एक बार फिर झारखंड पासवा का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। साथ ही उन्हें राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमेटी को एक बार पुनः नये सिरे से गठित करने के



लिए अधिकृत किया। पासवा ने भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय संचालन की समय सारणी में परिवर्तन के लिए धन्यवाद दिया है एवं राज्य के सभी निजी विद्यालयों को यह निर्देश दिया है कि प्ले स्कूल चलाने वाले सभी प्रिंसिपल, डायरेक्टर सुबह 11:00 तक ही स्कूल का संचालन करेंगे। बैठक का संचालन पासवा के पूर्व प्रदेश महासचिव नीरज सहाय ने किया। बैठक में अरविंद कुमार, नीरज सहाय, फलक फातिमा, सिस्टर एम मालार, डेंजिल चार्ल्स, सैयद अंसारुल्लाह, संजय प्रसाद, मसूद कच्ची, सुभाष उपाध्याय, मोहम्मद उस्मान, कुमुद रंजन, मनोज झा, विद्या गौतम, आलोक विपिन टोप्पो, विद्या गौतम, अमीन अंसारी, होनी सिंह मुंडा, गुंजा कुमारी, पंकज गिरी, रूपेश कुमार, अजय कुमार, मजीद आलम, हाफिज अंसारी, अरविंद कुमार साहू, नरेश गौड़ा, मिंकु कुमार, ज्ञानेश्वर दयाल, मेघाली सेनगुप्ता, अभय कुमार, मनोज कुमार भट्ट, रंजीत पांडेय, दीपमाला पांडे, पप्पू कुमार गौतम, अर्पण भारद्वाज, रशीद इकबाल, प्रवीण प्रकाश सिंह, सैयद अकबर, तोषी कुमारी, सोनम कुमारी,मोहम्मद अजहर, शाकिन प्रिया, विनीत भास्कर, आयुष सिंहा, सुभाजित अधिकारी, सिस्टर इनेट मुख्य रुप से उपस्थित थे। इसके पूर्व आलोक दुबे के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होते ही पासवा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों एवं निजी विद्यालय संचालकों ने दूबे को फूल माला से लाद दिया एवं उनके प्रति अपने निष्ठा प्रदर्शित की तथा ताली बजाकर नये प्रदेश अध्यक्ष का अभिवादन किया।

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात करते हुए आलोक दुबे ने राज्य के निजी विद्यालयों के द्वारा भरोसा एवं विश्वास दर्शाने के लिए आभार प्रकट किया है, एवं कहा विद्यालय के आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा 2019 आरटीइ संशोधन कानून निरस्त करने को लेकर कुछ शिथिलता आ गयी थी, लेकिन अब फिर एक बार नये सिरे से इस कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से आवाज उठायी जायेगी।

## महागठबंधन की रैली फ्लॉप रही : दीपक प्रकाश



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने रविवार को जगन्नाथ मैदान धुर्वा में इंडी गठबंधन के द्वारा आयोजित रैली को पूरी तरह से फ्लॉप बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने इंडी गठबंधन में शामिल दलों को एक प्रकार से नकार दिया है। श्री प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अपने राजनीतिक परिवारों को बचाने का प्रयास कर रहे विपक्षी दलों की यह कोशिश फेल हो गयी। इन लोगों का दावा था कि रैली में 5 लाख लोग आयेंगे जो पूरी तरह से एक कोरी कल्पना मात्र साबित हुई।

## पीएम मोदी ने असंभव को संभव कर दिखाया: सांसद



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को रांची के लालपुर, गोंदा, मंडल की विभिन्न सोसाइटी में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है, जो उनकी इच्छा शक्ति का प्रतीक है। स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय, हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटना। इस कार्यक्रम में संजीव विजय वर्गीय, गुरविंदर सिंह सेठी, कुणाल अजमानी, गोवर्धन गड़ोदिया, राम लगन राम, राजेश कुमार बबन, नरेंद्र पांडे, कुंदन सिंह, सुभाष मोदी, राजेंद्र सिंहराजू ,दीपक,अभिमन्यु मोदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पाकिस्तान से मिल रहे अच्छे संकेत

पाकिस्तान द्वारा 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले, जिसमें 40 भारतीय जवान शहीद हो गये थे, के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंध निम्न स्तर पर पहुंच गये, तभी से दोनों देशों में बातचीत बंद है और व्यापार लगभग ठप है। फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जहां 4 मार्च, 2024 को सत्ता संभालते ही अपने भाषण में भारत सहित सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध कायम करने की बात कही, वहीं उनके द्वारा अपनी सरकार में कश्मीर मूल के भारत समर्थक अर्थशास्त्री इसहाक डार (73) को विदेश मंत्री नियुक्त करने को इसी संदर्भ में देखा गया। इसहाक डार हमेशा भारत के साथ आर्थिक और व्यापारिक संबंधों की बहाली के पक्ष में रहे हैं तथा 23 मार्च, 2024 को उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापार बहाल करना चाहता है। इसके 10 दिन बाद 2 अप्रैल, 2024 को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी कहा कि भारत में लोकसभा के चुनाव संपन्न होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते सुधर सकते हैं। इस बीच देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ की बेटी और वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भतीजी तथा पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने जहां अपने मंत्रिमंडल में एक पंजाबी रमेश सिंह अरोड़ा को अल्पसंख्यक मामलों का कैबिनेट मंत्री नियुक्त किया है, वहीं उन्होंने राज्य के स्कूलों में पंजाबी पढ़ाने की घोषणा भी की है। यही नहीं, इस बार पाकिस्तान में बैसाखी का समारोह पहली बार सरकारी स्तर पर मनाया गया और करतारपुर साहिब पहुंचे सिख तीर्थयात्रियों, जिनमें ज्यादातर भारत से थे, के एक समूह से भी 18 अप्रैल, 2024 को मरियम नवाज ने भेंट करके उनके साथ लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं को पक्की पंजाबन बताते हुए अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पुराने बयानों के हवाले से कहा यह मेरा पंजाब है और हम होली तथा बैसाखी जैसे सभी त्योहार एक साथ मनाते हैं। हमें अपने पड़ोसियों से लड़ना नहीं चाहिए। हमें उनके लिए अपने दिल खोलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बनी तो मुझे भारत और वहां के पंजाब प्रांत से बधाई संदेश भी मिले जिससे मुझे लगा कि दोनों देशों के बीच कोई सीमा नहीं है। उर्दू और पंजाबी में दिये अपने 10 मिनट के भाषण में उन्होंने भारत और पाकिस्तान के लोगों के बीच एक जुड़ाव होने की बात भी कही। विशेष कर उन्होंने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों के आपसी रिश्तों का उल्लेख किया और करतारपुर साहिब के आसपास के इलाके के विकास पर जोर दिया।

**इसहाक डार हमेशा भारत के साथ आर्थिक और व्यापारिक संबंधों की बहाली के पक्ष में रहे हैं तथा 23 मार्च, 2024 को उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय भारत के साथ व्यापार बहाल करना चाहता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत को इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि यदि पर्याप्त शमन उपाय नहीं किये गये, तो पानी की समस्या बदतर हो जायेगी और तापमान बढ़ने और वर्षा अनियमित होने से आजीविका और आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ जायेगी। 1.5 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति में देश के स्थायी भविष्य के लिए भारत की जल समस्याओं का समाधान आवश्यक और महत्वपूर्ण है। बेंगलुरु में हालिया संकट एक भयावह संकेत है कि देश की बदलती जलवायु, अप्रत्याशित मानसून, अत्यधिक तापमान और जल निकायों का कुप्रबंधन इस विशाल देश के लिए गंभीर खतरे हैं।**

# विश्व का तापमान डेढ़ डिग्री बढ़ने से पहले जल संकट

अंजल प्रकाश

**भारत** में पानी की कमी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री की सीमा तक पहुंच रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़े हुए तापमान और मानसून के पैटर्न में बदलाव से पानी की कमी और बदतर हो गयी है, जिससे कृषि और आवश्यकताओं की स्थिरता खतरे में पड़ गयी है। तत्काल कार्रवाई आवश्यक है, क्योंकि अस्थिर प्रथाओं और बढ़ते शहरीकरण से जल स्रोत खत्म हो रहे हैं।

भारत को इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि यदि पर्याप्त शमन उपाय नहीं किये गये, तो पानी की समस्या बदतर हो जायेगी और तापमान बढ़ने और वर्षा अनियमित होने से आजीविका और आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ जायेगी। 1.5 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति में देश के स्थायी भविष्य के लिए भारत की जल समस्याओं का समाधान आवश्यक और महत्वपूर्ण है। बेंगलुरु में हालिया संकट एक भयावह संकेत है कि देश की बदलती जलवायु, अप्रत्याशित मानसून, अत्यधिक तापमान और जल निकायों का कुप्रबंधन इस विशाल देश के लिए गंभीर खतरे हैं।

**भारत की जल दुविधा के लिए मजबूत नीति निर्णय और वैज्ञानिक समझ के संयोजनवाली एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है।**

1000 वर्षों में, भारत ने कृषि, घरेलू खपत और कई अन्य उपयोगों के लिए देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हुए एक विस्तृत जल प्रणाली विकसित की है। हालांकि, 1.4 अरब से अधिक की आबादी के साथ, उन मांगों में नाटकीय रूप से विस्तार हुआ है। कृषि, घरेलू उपभोग और अन्य उद्योगों के क्षेत्र, जो पहले से ही लेन-देन के सूक्ष्म संबंध में थे, काफी तनावपूर्ण हो गये हैं।



भारत के जल संसाधनों के गलत प्रबंधन के शहरों से परे भी दूरगामी परिणाम हैं। जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत कृषि में कार्यरत है, जो इसे विशेष रूप से असुरक्षित बनाता है। अप्रत्याशित मौसम के साथ, मानसून की बारिश पर निर्भर पारंपरिक खेती के तरीके अब टिकाऊ नहीं रह गये हैं। सूखे, बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट के कारण किसानों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनके कारण फसल की विफलता होती है।

भारत की 1.4 अरब की मजबूत आबादी ने सभी क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा दिया है, जो स्वाभाविक रूप से जल संसाधनों की घटती उपलब्धता से पूरा हुआ है। ऐसा मुख्य रूप से अपर्याप्त दूरदर्शिता और योजना के कारण हुआ है और अक्सर इसके परिणामस्वरूप जल संसाधनों की कमी हो गयी है। भारत में जल संकट के लिए जिम्मेदार एक अन्य महत्वपूर्ण कारक मानसून पैटर्न में बदलाव है। मानसून का मौसम पहले कृषि के लिए वरदान था, लेकिन हाल के दिनों में इसमें अप्रत्याशितता बढ़ गयी है। रुक-रुक कर भारी वर्षा के साथ लंबे समय तक शुष्क मौसम आम हो गया है, जिससे पारंपरिक खेती के पैटर्न बाधित हो रहे हैं और कृषि उत्पादन कम हो रहा है। यह प्रवृत्ति खाद्य सुरक्षा और लाखों कृषि नौकरियों में बदलाव को खतरे में डालती है।

**जलवायु प्रक्षेपवक्र के बीच तात्कालिकता :** सबसे गंभीर समस्याओं में से एक को याद रखना आवश्यक है जिसे आगामी चुनावों से पहले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक में हल नहीं किया जायेगा-बढ़ते मौसम के मिजाज के बीच भारत में जल संसाधनों का कुप्रबंधन।

बेंगलुरु में हालिया जल संकट केवल एक छोटी सी चेतावनी थी जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि गंभीर जलवायु-प्रेरित मुद्दों से बचने के लिए भारत की जल सुरक्षा की रक्षा के लिए व्यापक उपाय जल्द ही लागू किए जाने चाहिए। हालांकि, भारत में पानी की समस्या जितनी दिखती है, उससे कहीं अधिक बहुस्तरीय और जटिल है। यह किसी विशेष मुद्दे तक सीमित नहीं है, जैसे कि तेजी से शहरीकरण, औद्योगिक विकास, कृषि और अपर्याप्त बुनियादी ढांचा; जलवायु परिवर्तन भी इन और अन्य समस्याओं को बढ़ा देता है। अप्रत्याशित मानसून और बढ़ता तापमान केवल पानी की कमी को बढ़ाता है, जिससे लोगों और अर्थव्यवस्था की कृषि और उद्योग जैसी सबसे बुनियादी जरूरतें कमजोर हो जाती हैं।

बेंगलुरु, जिसे कभी-कभी भारत की सिलिकॉन वैली भी कहा जाता है, में गंभीर जल संकट था, जो इस बात को उजागर करता है कि शहरी क्षेत्र पानी की कमी के प्रति कितने संवेदनशील हैं। शहर जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील है, क्योंकि यह अस्थिर भूजल निकासी और अपर्याप्त वर्षा जल संग्रहण सुविधाओं पर निर्भर है। यदि पूर्व-निवारक कदम नहीं उठाये गये, तो तापमान बढ़ने और वर्षा अधिक अनियमित होने के कारण ऐसी स्थितियां अधिक बार और गंभीर होने की संभावना है।

भारत के जल संसाधनों के गलत प्रबंधन के शहरों से परे भी दूरगामी परिणाम हैं। जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत कृषि में कार्यरत है, जो इसे विशेष रूप से असुरक्षित बनाता है। अप्रत्याशित मौसम के साथ, मानसून की बारिश पर निर्भर पारंपरिक खेती के तरीके अब टिकाऊ नहीं रह गये हैं। सूखे, बाढ़ और भूजल स्तर में गिरावट के कारण किसानों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनके कारण फसल की विफलता होती है। इसके अलावा, पानी की कमी भारत के औद्योगिक क्षेत्र को भी प्रभावित करती है, जो देश के आर्थिक विस्तार का मुख्य इंजन है। शीतलन, स्वच्छता और विनिर्माण कार्यों के लिए कई व्यवसायों के लिए पानी आवश्यक है। उत्पादन को खतरे में डालने के अलावा, घटती जल आपूर्ति भी इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की आजीविका को खतरे में डालती है।

**भारत की जल दुविधा का समाधान :** भारत की जल दुविधा के लिए मजबूत नीति निर्णय और वैज्ञानिक समझ के संयोजनवाली एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, जल संसाधनों के बेहतर प्रशासन और प्रबंधन की सख्त जरूरत है। इसमें कानूनी ढांचे को मजबूत करना, जल-बचत नवाचारों को वित्त पोषित करना और उद्योगों में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करना शामिल है।

## जमशेदपुर की खबरें

# इंडी गठबंधन के पास ना मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प। सत्तारुढ़ जेएमएम और कांग्रेस का एक ही ध्येय है तुष्टीकरण की राजनीति करना। जेएमएम का तो सारा समय और ध्यान प्रदेश में अपने परिवार को स्थापित करने और लिए झारखंड को ही विस्थापित बनाने में लगा हुआ है। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जमशेदपुर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि 5 लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार 10 हजार नौकरियों का भी आंकड़ा नहीं पार कर पायी है। स्थानीय, विस्थापित और नियोजन नीति का वादा कर सत्ता में बैठने वाले लोगों ने अपने वादों को भुला दिया। राज्य की जनता को साढ़े चार साल न कोई नीति मिली न ही नियोजन मिला। राज्य के मूलवासियों और आदिवासियों की भलाई के लिए एक भी निर्णय इन्होंने नहीं लिया। अबुआ आवास को इन्होंने बबुआ आवास बना दिया है। किस जरूरतमंद को आवास मिले यह फैसला ग्राम सभा को करना चाहिए था, लेकिन इनकी गलत नीतियों के चलते यह फैसला दफ्तर में बैठे बाबू ले रहे हैं। जो पैसा दे सकते हैं उन्हें आवास दिया जा रहा है। राज्य हित की बात करने वाले लोगों की सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता ही बदल गयी। नीति और नियोजन नहीं यहां की खान संपदा का दोहन करना और जनता को छलना इनकी प्राथमिकता बन गयी है। आजसू के इस सम्मेलन में जमशेदपुर लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में आये पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से सुदेश महतो ने एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिये दी गयी जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाने और जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने को कहा। मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि सुदेश महतो राज्य की उम्मीद हैं। 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। राज्य के क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने की हमारी तैयारी है। एनडीए का एक-एक कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष स्वप्न सिंहदेव, महासचिव हरेलाल महतो, अजुर्न बैठा, रविशंकर मौर्य, सागेन हांसदा, सचिव सत्यनारायण महतो, नंदू पटेल, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सरायकेला जिलाध्यक्ष सचिन महतो, अमित महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी करेंगे समीक्षा बैठक



रांची(आजाद सिपाही)। नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह समीक्षा बैठक करेंगे। 23 अप्रैल को डीजीपी जिले के एसएसपी, एसपी के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों के 24 थानों में नशे (ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ) का कारोबार सबसे अधिक होता है। चतरा जिला का सदर थाना क्षेत्र पहले पायदान पर है। वहीं राजधानी का सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12वें, लोअर बाजार थाना क्षेत्र 19वें और नामकुम थाना क्षेत्र 22वें नंबर पर है। थानावार दर्ज किये गये केस के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि राज्य के 24 थाना ऐसे हैं, जिनके क्षेत्र में ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर सबसे अधिक केस दर्ज किये गये। इससे स्पष्ट है कि इन थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार होता है। इस सूची में चतरा जिला टॉप पर है। यहां उक्त अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक 506 यानी 21

# भीड़ देख विपक्षियों की उड़ी नींद : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया गठबंधन की उलगुलान महारैली में जुगसलाई झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने हजारों समर्थकों के साथ शामिल हुए। रविवार को महा रैली समाप्त होने के बाद विधायक मंगल कालिंदी ने कहा उलगुलान रैली मैं लाखों लोग शामिल हुए। भीड़ देख विपक्षी पार्टियों की नींद उड़ गई। मौके पर जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारो से रांची प्रभात तारा मैदान गूंज उठा। विधायक ने कहा महारैली में भीड़ देख अनुमान लगाया जा सकता लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को उखाड़ फेंकने की मन बना चुकी है। विधायक ने दिन भर की भीषण गर्मी में भी उपस्तित होकर झामुमो कार्यकर्ता व नेताओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया। उन्होंने उसके लिए सभी के प्रति आभार प्रकट की। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा सभी कार्यकर्ता व नेता झामुमो के सच्चा सिपाही है जिन्होंने तेज गर्मी के बावजुत लाखो की संख्या में शामिल होकर नारे बाजी करते हुए हेमंत सोरेन को रिहा करने की मांग करते रहे।

# लोकसभा चुनाव के बीच सहायक आचार्य परीक्षा की तिथि पर जेटेट सफल अभ्यर्थी आक्रोशित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के बीच सहायक आचार्य परीक्षा की तिथि निर्धारित करने पर राज्य भर के जेटेट सफल अभ्यर्थी आक्रोशित हैं। रविवार को झारखण्ड प्रदेश पारा शिक्षक- गैर पारा जेटेट अभ्यर्थी संघ ने लोकसभा चुनाव के बीच सहायक आचार्य की परीक्षा पर आपत्ति जताई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुणाल दास ने कहा राज्य के काफी संख्या में पारा शिक्षक हैं जिनकी चुनाव प्रशिक्षण 26 अप्रैल को है। लेकिन सहायक आचार्य परीक्षा की तिथि 27 अप्रैल को निर्धारित किया गया। ऐसे में बहुत सारे अभ्यर्थी चुनाव कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। लोकसभा चुनाव के बीच परीक्षा तिथि की घोषणा पर उन्होंने एक राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने कहा चार-पांच दिन पहले एडमिट कार्ड जारी कर परीक्षा की तिथि तय करना ऐसे पूरे देश भर में कहीं नहीं होता है। यह ब्यूरोक्रेसी द्वारा सहायक आचार्य पद की सीट बाहरियों को बेचने की साज़िश है। जेएसएससी लगातार झारखंडी छात्रों के अधिकारों का हनन करने से बाज नहीं आ रही है। लोकसभा चुनाव के बीच परीक्षा आयोजित करने पर चुनाव आयोग को जेएसएससी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। श्री दास ने कहा अगर यक ीनन चुनाव के बीच ही परीक्षा आयोजित होती है तो पारा शिक्षकों को चुनाव कार्य से अलग रखा जाए। ताकि वे परीक्षा पर फोकस रख सके। उन्होंने कहा अगर परीक्षा तिथि को आगे नहीं बढ़ाया गया तो राज्य भर के जेटेट सफल अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

# गर्मी को देखते हुए टाटा जू में जानवरों के लिए कूलर और दूसरे इंतजाम किये गये



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। लौहनगरी जमशेदपुर में पारा 43 डिग्री को पार करने पर आम आदमी के साथ साथ जानवर भी परेशानियों का सामना कर रही है। वही टाटा प्रबंधन ने शहर के टाटा जू में गर्मी से जानवरो को बचाने के लिए खास खयाल रख रही है। टाटा जु प्रबंधन ने जानवरों के खान-पान से लेकर उनके लिए कूलर व बांस की चटाई लगाये। शेर, बाध, तेंदूआ व भालू के बाड़े में कलूर के अलावा पुआल भी लगाया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए जानवरों को दिन में दो से तीन बार नहलाया जा रहा। वैसे बीते दो-तीन दिन में शहर का पारा अचानक चढ़ चुकी है। जू में जानवरों का बुरा हाल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जु में जानवरों को बढ़ती गर्मी महसूस करते देखा जा रहा है। वैसे परेशान होकर जानवर कभी पेड़ के नीचे या फिर कभी पानी में बैठे दिख रही है। टाटा जू के निदेशक डॉ नईम अख्तर ने बताया शहर का पारा बढ़ने से जानवरों का खासा खयाल रखना पड़ता है। गर्मी के मौसम में जानवरों के खान-पान पर खास ध्यान रखना पड़ता है। गर्मी से बचाने के लिए जानवरों को समय से नहलाना व उन्हें गर्मी कम लगे इसकी पूरी व्यवस्था की जाती है। छतों पर गर्मी रोकने के लिए बांस के शीट भी लगाए गए। ताकि ठंड बनी रहे। हिरण के बाड़ों में लगातार पानी के फव्वारे चलाया जा रहा है। जू के क्यूरेटर संजय महतो बताया गर्मी से बचाव के लिए लंगूर समेत शाकाहारी जानवरों को तरबूज व पपीता के साथ मौसमी फल भी दिए जा रहे है। पक्षियों के बाड़े में उनके पीने व नहाने के लिए पानी रोज रखा जाता है। जानवरों को उनके पारंपरिक खाने में मिलाकर फूड सप्लीमेंट दिया जा रहा। बंदर, हायना, लंगूर, शेर, चीता समेत अन्य सभी जानवरों को फूड सप्लीमेंट के साथ ग्लूकोस दिया जा रहा। शेर, तेंदुआ, हायना और चीता को मांस में ही फूड सप्लीमेंट मिला कर दिया जा रहा है। उनके पानी में ग्लूकोज के साथ लिक्विड मिलाया जा रहा है। टाटा जु प्रबंधन जानवरों की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। ताकि जानवरों को परेशानी ना हो सके।**

# बाराती बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एक घायल

- उग्र भीड़ ने बस को किया क्षतिग्रस्त, देर रात तक रहा सड़क जाम
- पुलिस को सड़क जाम हटाने के लिए लाठी भी भांजनी पड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** गढ़वा बंशीधरनगर के बीच रमना थाना क्षेत्र के एनएच-75 पर भगत सिंह चौक के समीप शनिवार को देर रात विक्की-निक्की नामक बराती बस के चपेट में आने से स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता 60 वर्षीय मानिक चंद ठाकुर की मौत मौके पर ही हो गयी है। घटना शनिवार की रात लगभग 9 से दस बजे के बीच की है। जानकारी के अनुसार मानिक चंद ठाकुर अपने मित्र वीरेंद्र पाठक के साथ उनकी बाइक पर बैठकर एक वैवाहिक कार्यक्रम से घर वापस लौट रहे थे।

घर पहुंचने से कुछ कदम पहले ही मानिक चंद ठाकुर बस की चपेट में आ गये। जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि इस घटना में उनके साथ मोटरसाइकिल स्वर बीरेंद्र पाठक घायल हो गये। जिसका इलाज एक निजी चिकित्सालय में किया जा रहा है। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़-फोड़ करते हुए शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम देर रात लभाग 12 बजे तक रहा। इस बीच कुछ लोगों ने बस में आग लगाने का भी प्रयास किया।लेकिन स्थानीय लोगो ने सूझ-बूझ से काम लेते हुए उनके मंसूबो पर पानी फेर दिया। घटना की सूचना पर वहां सदलबल पहुंचे थाना प्रभारी असफाक आलम ने लोगो को समझा-बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोग बस चालक को बुलाकर सजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान यातायात देर रात लगभग दो घंटे तक प्रभावित रहा।

रात लगभग 11 बजे पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह और सीओ बासुदेव राय अतिरिक्त पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और जाम हटाने का अनुरोध किया लेकिन ग्रामीण मांगे पूरी होने तक वहां से हटने को तैयार नही थे। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तीतर-बितर कर यातायात बहाल कराया। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। अंत्यपरिक्षण के बाद रविवार की सुबह सुखडा नदी तट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े भाई मोतीचंद ठाकुर ने दी। मौके पर थानेदार असफाक आलम, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, समाजसेवी वीरेंची पासवान, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार, डब्लू सिंह, टूटू सिंह, जोखू सिंह, गुड्डू सिंह, नंदू साव, धर्मेंद्र यादव, श्यामा साह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं के दम पर पलामू लोस प्रत्याशी वीडी राम की प्रचंड बहुमत से होगी जीत : जिलाध्यक्ष

- लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो ने जिला कार्यालय में की बैठक
- भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जिताने को लेकर बनायी गयी रणनीति




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कार्यालय गढ़वा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को जिताने को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के दम पर लोकसभा चुनाव में पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम का प्रचंड बहुमत से जीत होगी। विपक्षी दलों के लोग जनता के बिच में तरह तरह का भ्रम फैला रहा है लेकिन आम जनमानस मोदी सरकार के साथ है।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतेंगे। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में सिर्फ जनहित में अनेकों योजनाएं बनायी हैं, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिला है। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास जैसे मुल मंत्र को लेकर काम करने वाली पार्टी है, लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। भाजयुमो पलामू लोकसभा प्रभारी रामाशीष तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता बुथ स्तर पर युवाओं से लगातार जनसंपर्क चला रहें हैं भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को जिताने के लिए युवा तैयार है। झामुमो कांग्रेस राजद का भ्रष्टाचार देखकर विपक्षी दल के प्रत्याशी को जनता नकार रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। भाजपा प्रत्याशी बीडी राम प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत कर पुनः मोदी सरकार बनाने में पलामू लोकसभा की भुमिका अदा करेंगे। भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल से 11 मई तक लगातार युवाओं के बिच जनसंपर्क करते हुए बाईक रैली युवा चौपाल सम्मान समारोह युवा सम्मेलन जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। भाजयुमो द्वारा बुथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। झारखंडी युवा मोदी के साथ इस नाम से युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता सुरेंद्र विश्वकर्मा भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल सोशल मीडिया प्रभारी बिपीन तिवारी मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महेंद्र यादव, ज्ञान रंजन चौबे, अलख निरंजन प्रसाद, अनीत, आलोक, प्रिंस, सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसपी ने कहा-पुलिस शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए तत्पर है : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** एसपी दीपक कुमार पांडेय ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को यहां अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी पुलिस अफसरों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी पुलिस अफसरों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया।

जानकारी देते हुये एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय के सभागार में पुलिस अफसरों और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गयी है। साथ ही सभी को शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गयी। एसपी ने कहा कि पुलिस शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये तत्पर है। ऐसे में सभी पुलिस अफसरों को उनके कर्तव्यों के बारे में और टाईमलाईन के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान और भयमुक्त मतदान के लिये पुलिस लगातार काम कर रही है। सभी पुलिस अफसरों को निर्वाचन आयोग के गाईडलाईन के अनुसार इस महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बैठक में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, भवनाथपुर के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, विशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह, धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# आवासीय विद्यालय का शिक्षा विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर का रविवार को शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय तीन सदस्यीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था से लेकर रहन सहन, विद्यालय की साफ सफाई और सरकार द्वारा छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम को दृढ़ता के साथ इंप्लीमेंट करने निर्देश दिया गया।

इस दौरान स्टेट टीम सदस्य कामेश्वर सिंह, अजित कुमार और जितेंद्र कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण कर प्रभारी वार्डेन पूनम कुमारी को विद्यालय को सही रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। हालांकि जांच टीम विद्यालय के साफ-सफाई करने, पंखा, बिजली वायरिंग ठीक करने और स्कूल में प्रयास और प्रोजेक्ट इंपैक्ट गतिविधियों को पूर्ण रूप से अमल करने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं की उपस्थिति बढ़ने के साथ विद्यालय में शैक्षणिक और भौतिक सुदृढ़ीकरण हो सके। टीम ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को सभी कार्यक्रम की मूल जानकारी रखने की बात कही। हालांकि अन्य व्यवस्थाओं को देख कर जांच टीम संतुष्ट हुए और शिक्षा व्यवस्था में और सुधार लाने के लिए कई अन्य दिशा निर्देश दिया।

इस मौके पर एपीओ राकेश कुमार बीपीओ रविंद्र मेहता, बीआरपी मनोज यादव, सीआरपी प्रभात मिश्र, वार्डेन कविता कुमारी लेखपाल विनय गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार बने झारखंड राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रविवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में गोद लिये हुए टीबी मरीजों के बीच फुड फॉर हंगर के तहत पौष्टिक आहार वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ कमलेश ने मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने के लिए नियमित दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने की बात कही। मौके पी कई प्रकार की जानकारी मरीजों के बीच दी गयी। मरीजों ने भी खुल कर अपनी समस्या को डॉक्टर संग साझा किया। इधर लायंस विशाल के अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार को झारखंड राज्य यक्ष्मा के पदाधिकारी बनायें जाने पर लायंस विशाल परिवार के सदस्यों ने उन्हें गढ़वा आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। मौके पर डॉ अरसद अंसारी, डॉ मोनाजिर हसन, ब्रजमोहन प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, सदर अस्पताल यक्ष्मा केंद्र से विश्वास शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# चिनिया रोड में पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कशौधन वैश्य समाज ने चिनिया रोड अकेलवा आम के पास कड़ाके की धूप को देखते हुए पनशाल का उद्घाटन रघुवीर कश्यप और रविंद्र जायसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुवे कसौधन समाज के द्वारा शहर आधा दर्जन स्थलों पर ऐसी व्यवस्था करने की योजना है। उन्होंने कहा कि समाज के द्वारा पूर्व में भी अनेकों सामाजिक कार्य किया गया है। आगे भी जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जायेगा। मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित कश्यप, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंदर जसवाल, समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, संरक्षक रघुवीर कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, मनीष कश्यप, अभिषेक कश्यप, मुन्ना कश्यप, संतोष कश्यप (जरही) सतेंद्र गुप्ता, आकाश केसरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भवनाथपुर पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इस संबंध में रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की भवनाथपुर थाना क्षेत्र के धनी मंडरा गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने का प्लान बना रहा है। जिसके बाद एसपी द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। शनिवार रात टीम द्वारा धनी मंडरा में छापेमारी की गई। इस दौरान घर से ही कामेश्वर पासवान को एक देशी कट्टा और सात जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया।

एसडीपीओ ने बताया की गिरफ्तार व्यक्ति की आपराधिक रिकार्ड के बारे में पता किया जा रहा है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, एसआई परवेज आलम, प्रदीप उरांव, निरंजन प्रसाद शर्मा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# डॉ अंबेडकर की133वीं जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सादर प्रखंड के छतरपुर गांव में राज रत्न डॉ अंबेडकर युवा विकास समिति के द्वारा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की तस्वीर पर फूल- माला चढ़ाकर और दीप जलाकर भाजपा नेता सूरज गुप्ता व अन्य समाजसेवियों ने किया। इस अवसर पर सूरज गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब का विचार सभी वर्गो के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को किसी जाति,धर्म के सूत्र से नहीं बांधा जा सकता क्योंकि उन्होंने समस्त मानव जाति का समुचित विकास के बारे में संवैधानिक अधिकार देने का काम किया है। भाजपा नेता ने कहा कि उनके तीन उपदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और अपने हक के लिए लड़ो इसे अपने जीवन में हम लोगों को आत्मसात करना होगा। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवी प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब अगर नहीं होते तो हम लोग आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में उपेक्षित ही रहते अब जरूरत है, उनके विचारों को आज के युवा अपने आचरण में उतारे और ज्यादा से ज्यादा लोगों में बाबा साहेब के बारे में चर्चा करें। युवा समाजसेवी संतोष चौधरी ने कहा की फूट डालो राज करो की राजनीति करने वालों को बाबा साहब का विचार और उनके मंत्र से हम लोगों पटकनी दे सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच मिठाई बांटी गयी। कार्यक्रम में इंजिनियर दीपक कुमार, बलराम राम, विनय कुमार रवि, श्रवण राम, प्रेम कुमार भारती, देवनाथ ज्वालामुखी, अजय राम, धनंजय कुमार, विनोद राम, राजीव कुमार, पंकज कुमार, अजय कुमार रवि, शिवपूजन राम, युधिष्ठिर राम, नंदलाल राम सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

# एसपी ने धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती गांव का किया भ्रमण




**धुरकी (आजाद सिपाही)।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती गांव का रविवार को भ्रमण किया। एसपी ने सर्वप्रथम अंबाखोरिया पंचायत सचिवालय स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन परिसर का घूम-घूम कर मुआयना कर निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए विद्यालय में पोलिंग पार्टी और अतिरिक्त पुलिस बल को ठहराया जाना है, जिसमें मूलभूत सुविधाओं का उन्होंने निरीक्षण किया वहीं इस दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय भवन में पेयजल शौचालय विद्युत सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिया है। इंस्पेक्टर रतन कुमार, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# रविंद्र और मेहराज ने रक्तदान कर बचायी बच्ची की जान





## रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए : रोहित खंडेलवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान से रविंद्र गिरी और मेहराज अंसारी ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर नाजुक बच्ची की जान बचायी। रोहित खंडेलवाल का कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए जिससे कि हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। सभी व्यक्ति को जीवन में रक्तदान करना चाहिए इससे आप अपने व्यक्तित्व जीवन में अच्छा महसूस करते है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

# नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हुई, तो जेल भरो उग्र जन आंदोलन करूंगा : मारूतनंदन

- नगर पंचायत मंझिआंव में 25 अप्रैल तक हो नियमित बिजली आपूर्ति, नहीं तो होगा आंदोलन : युवा समाजसेवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुतनंदन सोनी अपने आवास पर प्रेस वार्ता किया, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रखंड और नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली की समस्या विकट रूप धारण कर लिया हैं, जिससे नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्र की जनता में त्राहिमाम मची है। वहीं श्री सोनी ने कहा कि गढ़वा शहरी क्षेत्र में 24 घंटा में 17 से 18 घंटा बिजली आपूर्ति हो रही है। बिजली विभाग के लापरवाही और उदासीनता के कारण मझिआंव प्रखंड क्षेत्र की जनता को बिजली की समस्याओं का खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं सोनी ने कहा कि मैं 13 अप्रैल को गढ़वा उपायुक्त और बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी को प्रखंड क्षेत्र में बिजली की समस्याओं से अवगत कराते हुए आवेदन दिया था, जिसमें मुझे आश्वासन दिया गया था कि वैकल्पिक रूप से व्यवस्था किया जा रहा हैं, 24 घंटा में 10 से 12 घंटा बिजली आपूर्ति किया जायेगा। लेकिन यहां लगभग एक सप्ताह बीत गया है। 24 घंटा में लगभग दो घंटा ही बिजली आपूर्ति हो रही है, जिसमें लोग नहाने तो दूर पानी पीने के लिए भी इस भीषण गर्मी में तड़प रहें हैं। वहीं श्री सोनी ने कहा कि 25 तारीख तक बिजली विभाग को डेड लाइन देता हूं, यदि नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हुई, तो बाध्य होकर नगर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड क्षेत्र की जनता के साथ जेल भरो और उग्रजन आंदोलन करूंगा। भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेमानंद त्रिपाठी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बिजली की समस्या विकट रूप धारण की हुई है टेंपरेचर 45 डिग्री पर है। जनता गर्मी से परेशान है किसानों को बिजली न उपलब्ध होने से किसानों की खेती सूखने के कगार पर है, ऐसे में श्री त्रिपाठी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से बिजली विभाग मनमानी रूप से बिजली आपूर्ति कर रही है जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है, लोग बिजली को लेकर त्रस्त है। वहीं उन्होंने कहा कि बिजली नियमित रूप से आपूर्ति नहीं होता है, तो बाध्य होकर उग्र जन आंदोलन करेंगे। मौके पर विवेक सोनी, विजय सेठ तथा कई लोग मौजूद थे।

# ट्रेलर पलटने से चार घंटे आवागमन रहा बाधित

**गुमला।** जिला मुख्यालय से पांच किमी दूर स्थित सीआरपीएफ 218 बटालियन कैंप के समीप अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे छत्तीसगढ़ की ओर से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गया। जिससे चैनपुर, छतीसगढ़-गुमला सड़क लगभग चार घंटे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। हालांकि ट्रेलर के पलटने से किसी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं ट्रेलर के पलटने के उपरांत चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना के बाद एएसआई सागीर आलम समेत पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर उक्त वाहन को हटाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दोनों छोर पर ट्रक के अलावे छत्तीसगढ़ से रांची जाने वाले रायपुर-रांची, अम्बिकापुर-रांची समेत कई बड़ी-छोटी वाहन कतार में खड़े रहे। अहले सुबह होने के कारण लोगों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। लगभग साढ़े सात बजे पुलिस द्वारा हाइड्रा मंगवाकर उक्त ट्रेलर को साइड कराया गया। ट्रेलर पर सड़क से संबंधित भारी भरकम उपकरण थे। लोगों के सहयोग से डायवर्सन बनने के बाद लोगों का आवागमन सुचारू रूप से हुआ।

## महिला समाजसेवी ने गुमडू गांव में लगाया चिकित्सा शिविर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड की लिमडा पंचायत के गुमडू गांव में महिला समाजसेवी प्रीति सिंह के सौजन्य से रविवा को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चित्सिकों ने कई मरीजों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। मौके पर 50 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, रामशरण सिंह विशेश्वर सिंह, जगनारायण सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की

# झारखंड की 14 लोकसभा सीट जीतने के लिए माथा टेका : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में आज पुर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुजा अर्चना कर झारखंड के 14 लोकसभा सीटों में पार्टी की जीत के लिए माता के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद मांगा आज से झारखंड में नोमिनेशन भी चालू होने वाली है बाबुलाल मरांडी के साथ तमाड़ के पुर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पात्रर उर्फ राजा पीटर भी थे पुजा अर्चना करने के बाद मरांडी ने कहा कि खुटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा से मैं पाटी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के लिए राजा पीटर को समर्थन देने का आग्रह किया आज राजा पीटर ने अपनी मनौती पूरी होने पर 13 बकरों की बली चढ़ाई और दिउड़ी मंदिर के निकट मैदान में अपने कार्यकर्ताओं को बुलाकर प्रसाद का वितरण किया हजारों की संख्या में तमाड़ विधानसभा के लोग पहुंचे यहां बाबुलाल भी पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर बाबुलाल ने पत्रकारों को बताया की मैं आज मंदिर में पूजा अर्चना करने आया था और राजा पीटर का समर्थन करने का आग्रह किया उन्होंने कहा विधानसभा का चुनाव देर है वह आने पर देखा जायेगा क्या राजा पीटर भाजपा में शामिल होंगे व आने वाले समय बतायेगा उन्होंने कहा पहले लोकसभा तब विधानसभा बाबूलाल के पीटर के साथ मिलने से यह कयास लगाया जा रहा है की आने वाले समय में भाजपा तमाड़ विधानसभा से राजा पीटर को टिकट देगी लोगों में ऐसी चर्चा है पुजा अर्चना के समय पीटर की पत्नी आरती साथ-साथ रही उनके परिवार के लोग भी साथ रहे इस अवसर पर बंटी मुंडा, अटकु चौधरी, नीतीश पांडेय मीना देवी, नंदा नायक, अनीता मल्लिक, कन्हाई पातर प्रेम गुप्ता, सत्य नारायण मुंडा, सीताराम पातर, मुरली सिंह मुंडा रमेश सोनी, सुनील सोनी, जादू पाहान, के अलावे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## आदर्श हाइस्कूल मुरी में शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** आदर्श हाई स्कूल मुरी में शत प्रतिशत रहा मैट्रिक का रिजल्ट। बप्पी कुमार रजक ने 81 प्रतिशत 20 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। वही दूसरे स्थान पर अब्दुल सादिक 76 प्रतिशत 80 अंक तथा जितेश निषाद 76 प्रतिशत 60 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय से कुल 80 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए थे। प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रभारी प्राचार्य पुष्पा महतो नेभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि विद्यार्थियों ने बेहतर रैंक बनाई है। उम्मीद से जरूर कम आया है। अगली बार इससे बेहतर रिजल्ट के लिए जोर लगायेंगे।

## बोलेरो की चपेट में आने से अंबिका की मौत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातु पथ के बुंडू थाना क्षेत्र के बिचाहातु मोड़ के पास रविवार को शाम लगभग 6:00 बजे मोपेड सवार को अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से अंबिका देवी उम्र 50वर्ष ग्राम गुटुहातु थाना बुंडू की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि मोपेड चला रहा मृतक महिला के पति उदय लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के परिजनों ने बताया कि वे दोनों मृतिका महिला के मायके सोनाहातू थाना क्षेत्र के कांशीडीह गांव से घर लौट रहे थे। शाम को सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ उमड़ी। मृतका के परिवार परिवार के अलावा गांव में भी शौक की लहर है।

## बीके भींगा ने कार्यों का निरीक्षण किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** वन धन विकास केंद्र बानाबुरू में भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट एंड इंटरप्राइनेरशिप के अध्यक्ष अतुल कुमार तिवारी, डायरेक्टर भारत सरकार बी के भींगा ने कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर बीपीएम अरविंद कुमार पासवान, आलम अंसारी, रामेश्वर सिंह मुंडा, राजीव, उमेश, संगीता, अंजू, सुधीर, जावेद अंसारी, प्रबंधक प्रभा कुमारी, बिश्वा, किरण देवी सहित वन धन केंद्र बानाबुरू से जुडी लाभार्थी शामिल हुए। जिसमें वन धन विकास केंद्र द्वारा किये जा रहे कार्य लघु वन उत्पाद संग्रह एंव मूल्य संवर्धन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुआ। इस कार्यक्रम में वन धन विकास केन्द्र द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद को देखकर अध्यक्ष ने प्रशंसा कर हर संभव मदद करने की बात कही।

# अपनी परंपरा और पर्यावरण की हर हाल में रक्षा करें : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पाहनों की देखरेख में शांति नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। पूजा अनुष्ठान में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। सरहुल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने विभिन्न गांवों से पहुंचे पाहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा अर्चना के बाद प्रखंड मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जो मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई, जहां प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोचे मुंडा ने कहा कि आज दुह्यख-विपत्ति क्यों आ रही है, क्योंकि हम अपनी परंपरा को छोड़ते जा रहे हैं और प्रकृति का संरक्षण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज ऑक्सीजन देंने वाले पीपल, तुलसी आदि में हर दिन पानी डाला करते थे। मौके पर विशिष्ट अतिथि ब्रजेंद्र हमेराम, अजीत टोपनो, जय मंगल गुड़िया, तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, संतोषी टोपनो, दीपक कंडुलना, मोनिका मुंडा शिवराज बड़ाईक, बलराम सिंह, चंद्रपाल सिंह, चंद्रकांत सिंह, घासीराय मुंडा, सनिका मुंडा, शीतल मुंडा, गंदौरी गुड़िया, मंगल सिंह मुंडा, अमरेंद्र टोपनो, सुशीला कंडुलना, चोंगे मुंडा, हिगुआ गुड़िया, मेरी गुड़िया सहित काफी संख्या में सरना समाज के लोग उपस्थित थे।

# समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत और गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी लोगों को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको निःशुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़ें और जागरूक रहें। उन्होंने कैदियो से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करते हुए समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें, जो निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद करेगी। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में जानकारी दी।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को रीना देवी ने खिलायी मिठायी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बचरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों के घर पहुंच कर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बचरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के शिक्षकों के कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के अथक प्रयास से यह सफलता प्राप्त हुई है। इसके लिए स्कूल के सभी शिक्षक भी बधाई के पात्र है। उन्होंने सभी बच्चों को आगे के उच्च शिक्षा की शुभकामना देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थियों के अलावे उनके अभिभावक मौजूद थे।

# संडे ड्यूटी की कटौती के विरोध में काम बंद कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** केडीएच तथा पुरनाडीह परियोजना में कामगारो के संडे ड्यूटी में कटौती किए जाने के विरोध में चार घंटे काम बंद रहा। रैयत विस्थापित मोर्चा एव इंटक के आह्वान में दोनो परियोजना का काम बन्द रहा। एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझु, विनय खलखो और नरेश गंझु के नेतृत्व में दोनो परियोजना में मजदूरों ने काम बंद रखा। इस आंदोलन में इंटक के अब्दुल्ला अंसारी, बीएन पांडेय, सोनू पांडेय, पजु महतो भी शामिल थे। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि परियोजना की स्थिति के लिए मजदूर जिम्मेवार नही है इसलिए मजदूरों के सन्डे ड्यूटी में कटौती का प्रबंधन का निर्णय उचित नहीं है। जबकि दिन रात मजदूर मेहनत कर उत्पादन बढ़ाने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी मिलना चाहिए। लेकिन कुछ यूनियन के द्वारा जानबूझकर इस तरह की साजिश कर मजदूरों का संडे काटा जा रहा है जो ठीक नहीं है। जबकि यहां के रैयत विस्थापित मजदूर अपनी जमीन देकर एवं पर्यावरण के विपरीत अपनी खून पशिना बहाकर देश की ऊर्जा बढ़ा रहे है मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि जब यहां के रैयत अपना जमीन देते हैं तो सभी ट्रेड यूनियन इस छेत्र में अपनी यूनियन चला रहे हैं, भोगता ने सभी यूनियन से आग्रह किया है कि यहां के रैयत विस्थापित मजदूरों को देखते हुए अपना यूनियन चलाए अन्यथा यहां के रैयत मजदूर सभी यूनियन से इस्तीफा देने के लिए तैयार है।चार घण्टे खदान बन्द रहने के बाद मोर्चा के साथ महाप्रबंधक ने वार्ता किया और आश्वाशन दिया कि सभी मजदूरों को संडे दिया जायेगा। प्रबंधन के साथ वार्ता हुई रैयत विस्थापित मोर्चा एवं आर सी एम् एस ददई गुट के सहयोग से और मजदूरों की ताकत को देखते हुए प्रबंधन को अपना फैसला बदलना पड़ा ।

## सीआरपीएफ ने शहीद हवलदार एएम भेंगरा को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा रविवार को आरसी मध्य विद्यालय रोहने तपकरा में बलिदानी हवलदार जीडी एएम भेंगरा के बलिदानी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बलिदानी एएम भेंगरा टोपनो 30वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पुंछ जिला में आतंकवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। बलिदानी दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी अलिशा भेंगरा को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर तपकरा थाना प्रभारी श्यामल कुमकर, आरसी मध्य विद्यालय रोहने की प्राचार्या इमलिया गुड़िया सहित अन्य ग्रामवासी और सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

## नीलकंठ सिंह मुंडा के घर पहुंचे अर्जुन मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं ने आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। भाजपा के इदन दोनों नेताओं के बीच की दूरी और भाजपा में गुटबाजी की चर्चाओं के बीच अर्जुन मुंडा का विधायक के घर जाकर विचार विमर्श करने को भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के लिए अच्छा संकेत मान रहे हैं।

## किरीगढ़ा में चल रहे रुद्र महायज्ञ में शामिल हुई महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बुंडू पंचायत के किरीगढ़ा गांव में चल रहे श्री श्री 1008 शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ में शनिवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह शामिल हुई। इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद गुंजन सिंह ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्र और राज्य की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस संबंध में गुंजन सिंह ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन होने से लोगों को धार्मिक ज्ञान मिलती है। ग्रामीण इलाकों में इस तरह के आयोजन होने से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज, समाजसेवी किशन कुमार सिंह, विजय महतो के अलावे आयोजन समिति के हीरा महतो, काशीनाथ महतो, राजकुमार महतो, अजय महतो मौजूद थे।

# मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना पुलिस ने शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा नामक युवक के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गयी 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गयी एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गयी। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केरकेट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नानाश्री रमन महतो की पुण्यतिथि पर गायत्री ज्ञान रथ समर्पित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** समाजसेवी नानाश्री रमन महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप द्वारा सहायक ट्रस्टी सीमा सिंह को गायत्री ज्ञान रथ की चाभी सौंपी गयी। मौके पर कश्यप ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश देंगे। दिवंगत नानाश्री रमन महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने में यह ज्ञान रथ मील का पत्थर साबित होगा। गायत्री परिवार खूंटी के सदस्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर उनके आवास में 12 घंटे का अखंड जाप और हवन का कार्यक्रम हुआ। शाम में वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, पूर्णेन्दु जायसवाल, कृष्ण कांत मांझी, उमा शंकर साहू, धनंजय महतो, सत्येंद्र कंसारी, संजीव चौरसिया, रीता मेहता, राजकुमार मिश्रा, भारती देवी, सुरेंद्र कंठ, रांची के डॉक्टर सुखदेव साहू पवन कुमार दास गुमला के पंचू साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा भगवान को कराया गया नगर भ्रमण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गयी। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गयी। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गयी। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, रमेश जैन, श्रीपाल चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

# मुरहू के सरहुल महोत्सव में साथ-साथ थिरके सांसद और विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू में रविवार को आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह में स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एक साथ थ्रिके। सरहुल मिलन समारोह की शुरूआत स्थानीय पाहनों द्वारा पूजा-पाठ के साथ की गई। मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरहूल की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा देश उत्सवों का देश है। प्रकृति ने यह सुख हम सभी के लिए वरदान के रूप में दी है, लेकिन जनजातीय समुदाय प्रकृति के प्रेमी भी हैं, तो प्रकृति को ईश्वर भी मानते हैं। उसी प्रकृति की कृपा से हम सभी जीवित हैं। उन्होंने कहा कि नाच-गान करके उल्लास मनाना ही हमारी पहचान है। विशिष्ट अतिथि खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि समाज की खुशी हमारे पर्व त्योहार ही हैं, जिनमें हमारी आदि संस्कृति झलकती है। महोत्सव के दौरान शाम को सरहुल की शोभयात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए कई क्षेत्रों में गयी।

## उलगुलान महारैली में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित न्याय उलगुलान महारैली में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक में इंडिया गठबंधन के लोग एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी की, जिसके बाद एक साथ सभी लोग वाहनों पर सवार होकर रांची के लिए रवाना हुए। वक्ताओं ने कहा कि महारैली के माध्यम से इंडिया महागठबंधन के सभी लोग अपनी एकजुट का परिचय दिया, साथ ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के इशारे पर ईडी द्वारा प्रताड़ित करने को लेकर विरोध किया गया। महारैली में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र से हटाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर महारैली में शामिल होने वाले इंडिया गठबंधन के लोगों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की उरांव शामिल है।

# यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता






दुर्घटनाग्रस्त राजहंस यात्री बस और दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री मोड़ के समीप शनिवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे राजहंस नामक यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय युवक सुमित लकड़ा पिता गोयों लकड़ा व 34 वर्षीय बसंत टोप्पो पिता रायमन टोप्पो की मौत हो गई। वहीं 28 वर्षीय हेमंत टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक बिसहा खटंगा मांडर निवासी हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पीसीआर व थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सुमित लकड़ा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बसंत टोप्पो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार गुमला की ओर से रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार ईंटाचिल्द्री मोड़ के समीप बस की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना के बाद बाइक सवार बस में फंसने के बाद काफी दूर तक घिसटते हुए चले गये। वहीं मृतक बसंत टोप्पो के बड़े भाई प्रमोद टोप्पो ने बताया कि वे सभी डुमरी मसिया भरनो मेहमानी गए हुए थे। इधर घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अखिल नितेश कुजूर व समाज सेवी सुनील टोपनो सीएचसी पहुंचे और घायलों को रिम्स भेजवाया। बेड़ो पुलिस ने घटनास्थल से पल्सर बाइक और यात्री बस को थाने ले लाई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है : सांसद

**खिजरी विधानसभा के गोंदलीपोखर में भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला, भाजपा प्रत्याशी सांसद संजय सेठ ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा ।** खिजरी विधानसभा के अनगड़ा गोंदलीपोखर में रविवार को भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला। इस चुनाव कार्यालय का उदघाटन रांची लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी और सांसद संजय सेठ ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रांची के उपमहापौर संजय विजयवर्गीय, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, प्रभारी नसीबलाल महतो, अनिल कुमार, ग्रामीण ज़िला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाइक, ओबीसी मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष नरेश साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, कामेश्वर महतो, अशोक मुंडा, अशोक नायक, रोशनी खलखो, माधुरी देवी, अजय महतो, विष्णु महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी आगे बढ़ रहा है। हम विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गये हैं। गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा कल्याण से लेकर हर क्षेत्र में कार्य हुए हैं। विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश की तकदीर और तस्वीर बदल दी है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन सहित अन्य नेताओं ने कहा कि रांची सहित सभी 14 सीटों पर कमल खिलेखा। प्रधानमंत्री ने 400 पार सीट जीतने का जो लक्ष्य दिया है उसे हासिल करने के लिए हम सभी को काफी तत्परता और सिदत्त के साथ काम करना पड़ेगा। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने तथा संचालन सुनील कुमार महतो ने किया।

मौके पर सत्यम कुशवाहा, जगेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, उमेश बड़ाइक, राजेंद्र महतो, राजू प्रमाणिक, सिकंदर अंसारी, घनेनाथ महतो, हेमनाथ महतो, शिबू मुंडा, बिगेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, बिरेंद्र यादव, अमित मिश्रा, अगमलाल महतो, जीतनाथ बेदिया, विशेश्वर चौधरी, देवनाथ महतो, रोहित करमाली आदि उपस्थित थे।

# न्याय उलगुलान रैली में शामिल होने नामकुम से जेएमएम कार्यकर्ता पहुंचे



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची में आयोजित उलगुलान रैली में शामिल होने के लिए रविवार को नामकुम के लोवाडीह से दर्जनों झामुमो कायकर्ता रांची रवाना हुए। रैली में जाने से पहले सर्वप्रथम कार्यकताओं ने लोवाडीह में दुर्गा सोरेन चौक पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद रांची रवाना हुए। गौरतलब है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरोध में रांची के प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान रैली निकाली गई थी। इस रैली में मुख्य रुप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष वीरु साहू, झामुमो जिला अल्पसंख्यक मोर्चा रांची विलियम रिचर्ड लकड़ा, मंटू लाला, बंशीधर ठाकुर, हरिश कुमार, अर्जुन साहू, किरण भरवा, विशाल भरवा, जयराज आदि शामिल हुए।

# बेड़ो में राजमिस्त्री की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या

**कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक सरवर अंसारी की फाइल फोटो।

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ के टावर के समीप खेत से इसी थाना क्षेत्र के करांजी गांव निवासी राजमिस्त्री का काम करने वाले 25 वर्षीय राजमिस्त्री सरवर अंसारी पिता स्व फकरुद्दीन अंसारी को कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार की रात की है। वही घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है। वहीं इस संदर्भ में मृतक के भाई मुबारक अंसारी ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दिया है। साथ ही हत्या का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग किया है। इधर घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करांजी गांव निवासी सरवर अंसारी राजमिस्त्री का काम करता था। वह शनिवार की शाम उसके साथ रेजा का काम करने वाली चरिमा गांव निवासी एक महिला बिरसमुनी उराईन के घर पैसा पहुंचाने गया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके बाद कहासुनी व बकझक होने लगी। वहीं इस दौरान महिला बिरसमुनी उराईन ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वह मुझे पैसा देने आया है। फिर भी ग्रामीण नहीं माने। इसके बाद ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी। साथ ही मृतक के शव को ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास खेत में फेंक दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल खिरदा मोड़ पहुंचे। साथ ही काफी देर तक खोजबीन करने के बाद रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच मृतक का शव को टावर के पास खेत से बरामद कर लिया। इधर बेड़ो पुलिस ने एफ एस एल टीम बुलाकर घटना की जांच शुरू कर दिया है। इधर बेड़ो पुलिस ने मृतक का शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस संदर्भ में कांड के उद्भेदन को लेकर बेड़ो पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# हरदाग पंचायत के सिलादोन में चूल्हा प्रमुख का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को नामकुम प्रखंड के हरदाग पंचायत अन्तर्गत सिलादोन और चांद बस्ती के ग्राम प्रभारी बसंती देवी की अध्यक्षता में 20 चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। कार्यक्रम का संचालन रांची जिला सचिव कुदरत शेख ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के उग्र तेवर और आंदोलन का देन है कि झारखंड राज्य बना। कहा कि महिलाओं को सम्मान देने का काम पंचायत स्तर पर आजसू पार्टी ने दिया और झारखंड राज्य की दिशा और दशा राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी ही कर सकता है।

वहीं, रांची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ने ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुखों से आग्रह किया कि 28 अप्रैल को (वाईबीएन यूनिवर्सिटी) राजाउलातु नामकुम में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आयें और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझे। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रभारी राजाउल हक ने किया।

मौके पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, नवनियुक्त चूल्हा प्रमुख कौसर जहां, जैतून निसा, चिंतामणी देवी, कोकिला देवी, प्रमिला देवी, रूत लकड़ा, गुर्जन कुमार, अभिषेक लिण्डा, गौतम कुमार, संजय कुमार के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र में श्री महाबीर मंडल उरुगुट्ठ के तत्वाधान में रविवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो, हाकिम अंसारी, भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर ने किया। मौके पर आदित्य प्रसाद ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमे बुराइयों को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमे सभी धर्मों का सम्मान करने की जरूरत है। कार्यक्रम में कांके, बुढ़मू, मांडर, रातू, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, खूंटी के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर रात तक अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कमेटी द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, कृष्णा महतो, प्रेमप्रकाश सिंह, मनोज महतो, पप्पू बैठा, सोहन महली, अमृत महतो, रामदयाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# यह जनता का प्यार है कि वह हमसे कदम से कदम मिलाकर चलती है : आशुताष तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता







**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव का पदभार दिया है। सांगठनिक कुशलता और राजनीतिक दूरदर्शिता को देखते हुए आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने इस पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय सचिव बनाएं जाने के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। मैं जनता की सेवा शुरू से ही करते आ रहा हूं। अब केंद्रीय सचिव बन जाने के बाद मैं जनता की सेवा और मेहनत से करूंगा। उनके दुख दर्द में शामिल रहूंगा और दूर करने का प्रयास करूंगा। पार्टी और जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनता का प्यार है कि वह हमसे कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। जिसका नतीजा आज आजसू पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी से जुड़े हुए महज डेढ़ महीना हुआ है और आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव के पद पर आशुतोष तिवारी को नियुक्त किया है।

तैलिक विकास संघ चोरिया के अध्यक्ष अनिल कुमार साहु ने कहा कि केंद्रीय सचिव बनाएं जाने पर आशुतोष तिवारी को हमारे समाज की तरफ से बहुत सारी बधाई। आगे उन्होंने कहा कि आशुतोष तिवारी शुरू से जनता के दिलों में राज करते आये हैं। उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना। इसी का नतीजा रहा कि जनता ने उन्हें सर पर बिठाते हुए भारी मातों से जिला परिषद सदस्य के रूप में चुना और आज आंजसू पार्टी ने उन्हें केंद्रीय सचिव का पद दिया।

चान्हो प्रखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष लतीफ अंसारी ने कहा कि आशुतोष तिवारी सभी समुदायों को बराबर के नजरिये से देखते हैं। उन्होंने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया । सभी के दुख सुख में हमेशा शामिल रहे। वह चाहते हैं कि लोगों को हमसे कैसे ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। मैं चाहता हूं कि वह राजनीति के ऊंचे मुकाम पर पहुंचे और सेवा करने का जो जज्बा है वह हमेशा कायम रहे।

मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने भी आशुतोष तिवारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जाति संप्रदाय से हटकर राजनीति करने वाले आशुतोष तिवारी की प्रतिभा कोआजसू पार्टी ने पहचाना और उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी है। मैं चाहता हूं कि वह राजनीति के ऊंचाइयों को छुए और जनता की समस्याओं का समाधान करते रहे।

# जगन्नाथपुर में युवक ने भगवान की प्रतिमा को किया खंडित, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोल चक्कर के पास शनिवार देर रात एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दिया। सावल से युवक ने भगवान हनुमान के हाथ को तोड़ दिया।

हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिल गयी। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है।

थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ लिया गया है। उसे पहले रिनपास भेजा जायेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है : संजय सेठ

- अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक रविवार को नामकुम स्थित चौहान मेंशन में आयोजित की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक रविवार को नामकुम स्थित चौहान मेंशन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखोरी रंजन सिन्हा और संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, कुणाल आजमानी, गुरविंदर सिंह सेठी उपस्थित थे। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि वास्तव में देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्र की नीति और सैनिकों की ताकत के कारण ही आज भारत नये रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आसमान से लेकर पाताल तक की ताकत को दुनिया देख रही है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सह चुनाव प्रमुख अजय मारू ने कहा कि भारत आज सैनिकों की बदौलत कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक एक है। 21वीं सदी का यह भारत पिछले दस वर्षों में नये ताकत के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की बातों को रखते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों को पूरे देश में जिस तरह सुविधा दी जाती है, उसी तरह झारखंड में भी सुविधा दिया जाना चाहिए। कहा कि देश का एक-एक वीर सैनिक जब सरहद पर सोता है, तब जाकर देश का हरेक नागरिक चैन की नींद सोता है। आज ऐसे सैनिकों को उनका सम्मान मिलना ही चाहिए।

अतिथियों का स्वागत अरुण झा, सविता देवी, ललन ठाकुर, शिल्पी शालिनी ने बुके और अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का समापन जन-मन-गण राष्ट्र गान के साथ किया गया। मौके पर सूबेदार अरुण कुमार झा, ललन ठाकुर, अरुण तिवारी, अक्षय मिश्रा, सुरेश पांडेय, बिक्कू सिंह, एनपी सिन्हा, संगीता उराव, रीता देवी, रूपा देवी, शारदा देवी, बिनोद सिंह, पृथ्वी राज, कृष्णा कुमार, नंद किशोर सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या मे पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# महिला उत्थान संगठन ने समारोह में 135 जोड़ों का कराया विवाह

**मुख्य अतिथि सिटी एसपी हुए शामिल, सभी जोड़ों को दिये उपहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन की ओर से 135 गरीब कन्याओं का विवाह करवाया गया। विवाह समारोह के मुख्य अतिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता थे। राजकुमार मेहता की ओर से सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र प्रदान किये गये।

सिटी एसपी अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष रेनु सिंह ने कहा कि विगत 5 वर्षों से उनका संगठन ऐसी कमजोर वर्ग से आने वाली कन्याओं का विवाह करवा रहा है। पिछले वर्ष 251 कन्याओं का विवाह उनके संगठन की ओर से करवाया गया था। इस वर्ष 135 कन्याओं का विवाह करवाया गया है। संगठन की ओर से सभी जोड़ों को एक-एक बक्शा, सोने और चांदी के कुछ जेवरात और घर चलाने के लिए कुछ बर्तन उपहार स्वरूप दिये जा रहे हैं। सभी जोड़ों का विवाह विधि विधान से कराया गया है। इस मौके पर रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संगठन की अध्यक्ष रेणु सिंह, उपाध्यक्ष शीला देवी, रासमानी देवी, सदस्य उषा देवी, सोनी देवी, बेबी दास, रीता देवी, भैरव सिंह, राहुल, रामानुज शर्मा, दिनेश, अस्विनी, नीरज, शिव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों की उदासीनता व कम मतदान पर जतायी चिंता

# आपका एक वोट पलामू क्षेत्र की तकदीर लिखेगा : आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर होटल ज्योतिलोक सभागार में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की की। आनंद शंकर ने कहा कि गांव में मतदान का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना शहर के लिए चिंतनीय है। जबकि शहरी क्षेत्र में मतदान के महत्व को समझने वाले पढ़े लिखे लोग ज्यादा रहते हैं। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यवसाईयों से कई सुझाव मांगे। कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए जिसमें ई-रिक्शा मित्र स्टैंड शहर के चार भाग में बनाने का सुझाव शामिल है। जहां लोग नंबर डायल कर महिलाएं-बुजुर्ग असहाय के लिए ई रिक्शा मंगा कर बूथ तक


मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर बैठक करते पलामू चेंबर के सदस्य।

जा सकते। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अपने कर्मियों को पेड हॉलीडे देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सेल्फी के साथ उनकी उंगली पर वोटर इक लगे होने की शर्त रखी गयी है। छोटी गाड़ियों के बूथ से 100 मीटर पहले तक जाने की अनुमति प्रशासन से मांगे जाने को लेकर बात करने का निर्णय लिया गया। व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्रचंड गर्मी को देखते हुए बूथ पर ठंडा पानी, कुर्सी, टेंट एवं ग्लूकोज की व्यवस्था, व्यवसाईयों के प्रतिष्ठानों में वोट देने आने जाने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था प्रमुख है। व्यवसायों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेस्टोरेंट, गोल्ड, ऑटोमोबाइल, मॉल, कपड़ा एवं कई चीजों में आकर्षक इंसेंटिव स्कीम दो दिनों के लिए देने की घोषणा की जिसके लिए एक कमेटी बनाई गई है, जो चुनाव से पहले शानदार स्कीम की घोषणा करेगा। जिसे वोट देने के उपरांत सेल्फी लेने वालों को सेल्फी दिखाने पर दी जाएगी। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा। बैठक में व्यावसायिक संघ के संरक्षक नवल तुलसियान, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, स्पोट्‌र्स एसोसिएशन के सचिव लाली जी, चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, ड्रग एसोसिएशन के संरक्षक अमिताभ मिश्रा, राजदेव उपाध्याय, प्रेम जायसवाल, राजहंस अग्रवाल आदि उपस्थित थे। बैठक में शहर में केक बनाने वाली संस्था माही केक के मालिक लाली जी ने घोषणा की कि 13-14 मई को जिसका भी जन्मदिन होगा उन्हें मतदान करने के बाद सेल्फी एवं आधार कार्ड दिखाने पर निःशुल्क केक दिया जाएगा। चेंबर अध्यक्ष ने बताया जल्द चेंबर की महिला शाखा 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह बैठक करेंगीं। इस मौके पर बैठक का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं धन्यवाद ज्ञापन निवेदन अग्रवाल ने किया।

# लचर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुई तो करेंगे चरणबद्ध आंदोलन: राजीव रंजन

### लो वॉल्टेज और बिजली कटौती से हरिहरगंज के ग्रामीण व किसान परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में लचर बिजली व्यवस्था की स्थिति सुधार होने के बजाय और भी गंभीर होती जा रही है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। जब तक आंदोलन की धमकी या धरना प्रदर्शन नहीं किया जाता तो बिजली विभाग के अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंगती। वहीं बिजली विभाग की ओर से हरिहरगंज प्रखण्ड के शहरी व ग्रामीणों उपभोक्ताओं के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। गौरतलब हो कि लचर बिजली व्यवस्था की समस्या को लेकर पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता ने लगातार कई बार धरना प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन तक कर चुके हैं। इनके अलावे राजद नेता कमलेश कुमार यादव और भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के साथ कई बार बिजली उपभोक्ताओं ने भी धरना प्रदर्शन किया। कुछ महीने तक बिजली



आपूर्ति में सुधार होती है और विभाग की लापरवाही के कारण पुनः क्षेत्र में लो वोल्टेज और बिजली आपूर्ति में कमी हो जाती है। लचर बिजली की समस्याओं को लेकर एक बार फिर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने शनिवार को सहयोगियों के साथ हरिहरगंज बिजली पावर सब स्टेशन में पहुंचकर लचर बिजली व्यवस्था के प्रतिवाद में आक्रोश जताते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में लचर बिजली व्यवस्था से ग्रामीण व किसान काफी परेशान हैं। विभाग की लापरवाही के कारण ही हरिहरगंज पावर ग्रिड को नहीं के बराबर बिजली मिल रही है। महीनो से हरिहरगंज पावर ग्रिड को मात्र 3-4 घंटे ही बिजली मिल रही है। जबकि आसपास के ही प्रखंडो में और क्रेशर प्लांटो को 20-22 घंटे बिजली दी जा रही है।उधर हरिहरगंज पावर ग्रिड के कर्मियों को लो वॉल्टेज करने की आदेश जारी किया जाता है, ताकि क्रेशर प्लांटों को भरपूर बिजली मिल सके।भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने कहा कि जल्द ही बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो विद्युत विभाग के खिलाफ हजारों उपभोगताओं के साथ चरण बद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर विश्वदीप कुमार, गोपाल प्रसाद, संजय प्रसाद जयसवाल, अरविंद कुमार मेहता, शशि कुमार और घुटूर सिंह आदि थे।

## दिवंगत शेखर कुमार व सहायक शिक्षक के परिजनों से मिले सेवानिवृत्त डीआइजी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के वैधबिगहा मोहल्ला निवासी शेखर कुमार विश्वकर्मा एवं कटैया गांव निवासी सहायक शिक्षक अखिलेश पटेल की अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद रविवार को सेवानिवृत्त डीआईजी सह आजसू के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह ने परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। संजय रंजन ने कहा कि दोनों घर के कमाऊ सदस्य थे उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं।अचानक हुई घटना से दोनों घर में दुख का पहाड़ टूट गया है। उन्होंने कहा कि दुख के इस घड़ी में वे परिजनों के साथ खड़ा हैं। इस दौरान संजय रंजन कटैया, वनस्पति, कोसडीहरा, खाप कटैया सहित कई गांव में जाकर लोगों से मिले एवं उनकी समस्याओं को भी सुनने का काम किया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर कोई काम करेंगे तो मंजिल निश्चित तौर पर मिलेगी। उन्होंने अपने समाज के लोगों को भी संगठित होने कि बात कही। मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह, अनिल कुमार सिंह, विरेन्द्र सिंह, धनेश सिंह, राजेंद्र सिंह, पारसनाथ सिंह, कपेश्वर सिंह, सुरदीप साव,रामधार सिंह आदि मौजूद थे।

## 91 फीसदी अंक लाकर अनुराग बना स्कूल टॉपर

### गुरुकृपा कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुरुकृपा कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उक्त कोचिंग सेंटर से कुल 40 छात्र-छात्राएं सीता प्लस टू हाई स्कूल और गर्ल हाई स्कूल से परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सीता प्लस टू हाई स्कूल में अनुराग कुमार 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सीता प्लस टू हाई स्कूल के साथ अपने कोचिंग संस्थान में भी टॉपर रहा। वहीं छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर रविवार को गुरुकृपा कॉन्वेंट कोचिंग संस्थान ने सभी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर संस्थान के निदेशक मनोज कुमार सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता पिता के साथ ही कोचिंग संस्थान और सीता प्लस टू हाई स्कूल का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि गुरुकृपा कॉन्वेंट कोचिंग सेंटर के शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों ने अपनी मेहनत की बदौलत बेहतर परिणाम प्राप्त किए। यह परिणाम बच्चों के भविष्य का निर्धारण करने वाला है। गुरुकृपा कॉन्वेंट कोचिंग सेंटर के अनुराग कुमार 91 फीसदी, आयुष कुमार 87 फीसदी, हिमांशु कुमार 86 फीसदी, अंकुश कुमार 85 फीसदी, सागर सिंह 84 फीसदी, धर्मेंद्र कुमार 83 फीसदी, प्रिंस कुमार 80 फीसदी, नवदीप कुमार 79.80 फीसदी, राखी कुमारी 79 फीसदी, सिकेश कुमार 77 फीसदी, सुभाष यादव 76 फीसदी, सुनिधि कुमारी 76 फीसदी, जेबा परवीन 76 फीसदी, रिशु कुमार सिंह 75 फीसदी, रोशन कुमार 75 फीसदी, समर कुमार सिंह 74 फीसदी, शिवानी कुमारी 74 फीसदी, निशा कुमारी 72.20 फीसदी, मनदीप कुमार 70 फीसदी, अंजली कुमारी 69 फीसदी, कुमकुम कुमारी 66 फीसदी, उषा कुमारी 65 फीसदी, कोमल कुमारी 61 फीसदी के अलावे अर्चना कुमारी, प्रियांशु कुमारी, आयुषी कुमारी, आरूषी कुमारी, रोशनी कुमारी, गुनगुन कुमारी, अर्पणा कुमारी, गुनगुन कुमारी, निशा कुमारी, जया कुमारी 40 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।

## अटरिया में श्री रुद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। बाजेगाजे के साथ निकली विशाल जलयात्रा में दर्जनों गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीमन नारायण नारायण, लक्ष्मी नारायण नारायण और हर हर महादेव के उद्‌घोष से क्षेत्र गूंज उठा। जिससे पूरे इलाके में भक्ति की धारा प्रवाहित हो गई। सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु कलश के साथ कतारबद्ध होकर नंगे पांव पैदल लगभग छह किलोमीटर चलकर तोलरा गांव के आराध्य देव स्थल शोखा बाबा परिसर पहुंचे। जहां पूजन करते हुए कोयल नदी पहुंच वैदिक मंत्रों चारण के साथ जल भरकर श्रद्धालु वापस अटरिया गांव स्थित यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां विधि



विधान के साथ कलश को स्थापित किया गया। बताते चलें कि, अटरिया गांव में एक भव्य शिव मंदिर का निर्माण हुआ है। इसी नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापन को लेकर प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान और यज्ञ का आयोजन किया गया है। जुलूस की अगुआई यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य जी महाराज कर रहे थे। स्वामी जी महाराज ने बताया कि प्रारंभिक धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत सोमवार को ध्वजापूजन व मुख्य यज्ञकुंड में अग्निप्रवेश के साथ पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ जारी रहेगा। इस दौरान प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्र पूजन कार्यक्रम होगा। वहीं अपराह्न तीन बजे से देर रात तक प्रख्यात अलग-अलग क्षेत्रों से पधारे विद्वान प्रवचन कर्ताओं द्वारा कथा वाचन किया जायेगा। वहीं यज्ञ में अयोध्या से आमंत्रित मुख्य प्रवचन कर्ता मानस विदुषी देवी चंद्रकला के द्वारा शिव पुराण की कथा सुनाई जायेगी। कलश शोभा यात्रा में घुड़सवार श्रऋालुओ की टोली आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालू शामिल थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने खोली पनशाला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा की ओर से रविवार को पनशाला खोला गया। जो मेदिनीनगर के बाइपास रोड में स्थित ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में है। इसकी शुरूआत समूह के स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चेयरमैन रागिनी राय ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरू पद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर की। उन्होंने कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने मानव सेवा को ही सबसे बडा धर्म बताया है। पलामू में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में पनशाला खुलने से आम लोगों को राहत मिलेगी। बताया कि समूह अध्यात्म के साथ समाज में सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। मौके पर समूह के स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक योगेंन्द्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, रंजीत राय, अजय बक्स राय, सुमन शाही, हरेराम सिंह, डॉ नरसिंह, ललित नारायण सिंह, सुधीर सिंह और शुभम राज आदि थे।

## हुसैनाबाद के सबानों गांव में खेत में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बेनीकला पंचायत अंतर्गत सबानो गांव में रविवार को केदारनाथ सिंह नामक पूर्व सरपंच के गेहूं के खेत में आग लग गई। जिससे पूरी फसल जलकर खाक हो गयी। इस घटना में लगभग 30 हजार रुपये के नुकसान होने का दावा किया जा र हा है। ग्रामीणों व अग्निशमन विभाग कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक फसल पूरी तरह से जल कर खाक हो चुकी थी। वहीं, समाजसेवी राजीव सिंह उर्फ डबलू सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आये दिन ग्रामीण क्षेत्रों में शॉर्टसर्किट के कारण खेतों में आग लग रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तारों को दुरुस्त करने की आवश्यकता है, ताकि खेत से गुजरे 11 हजार वोल्ट के तारों से किसान के फसलों को बचाया जा सके। वहीं, प्रभावित किसान ने आपदा प्रबंधन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है।

## हुसैनाबाद में ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-दंगवार मुख्य सड़क के मंगलडीह गांव के समीप रविवार की अहले सुबह ट्रैक्टर व बाइक में हुई टक्कर में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान अखिलेश कुमार (21) राहुल कुमार (20) और अमित चौधरी (21) के रूप में हुई है। सभी बरवाडीह गांव के रहने वाले हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा कि उक्त बाइक सवार शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव दंगवार-बरवाडीह गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में विपरीत दिशा से बालू लदे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची हुसैनाबाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# स्पोर्ट्स



कोलकाता के ईडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइटन (केकेआर) ने आरसीबी को रोमांचक मुकाबले में एक रन से रहा दिया और प्वाइंट टेबल पर दूसरे नंबर पर आ गई।

# केकेआर ने रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया, रसेन को 3 विकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** आइपीएल 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। इस जीत के साथ कोलकाता पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर आ गई। बेंगलुरु को आखिरी ओवर में 21 रन चाहिए थे। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कर्ण शर्मा ने चार बॉल में तीन छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया। लेकिन, ओवर की पांचवीं बॉल पर वे आउट हो गए। इस वक्त आरसीबी को जीत के लिए 2 बॉल पर 3 रन चाहिए थे। कर्ण शर्मा के विकेट के बाद टीम को आखिरी बॉल पर 3 रन चाहिए



थे। यहां लॉकी फर्ग्यूसन ने कवर्स की दिशा में शॉट खेला और 2 रन के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने एक रन पूरा किया लेकिन दूसरा रन लेने से पहले रन आउट हो गए। इस तरह आरसीबी ने एक रन से रोमांचक मुकाबला गंवा दिया। इससे पहले रविवार को पहले मुकाबले में कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए और बेंगलुरु को 223 रन का लक्ष्य दिया। पर जवाब में बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर ऑल आउट हो गई। बेंगलुरु के लिए विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा दिनेश कार्तिक ने 25 और सुयश प्रभुदेसाई ने 24 रन किन पारी खेली। कर्ण शर्मा ने 7 बॉल पर 20 रन बनाए। जबकि कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। सुनील नरेन और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। रुण चक्रवर्ती और मिचेल स्टार्क को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, कोलकाता के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 36 बॉल पर 50 रन बनाए। उनके अलावा फिल सॉल्ट ने 48 रन की पारी खेली। आंद्रे रसेल ने 27 रन बनाए। रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह ने 24-24 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु की ओर से यश दयाल और कैमरन ग्रीन ने दो-दो विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और लॉकी फर्ग्यूसन को एक-एक विकेट मिला।

## बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गये थे। उन्होंने 7.01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका।

## एनएच-75 ब्रहमोरिया मोड़ पर बने डायवर्सन में देर रात फंसी गाड़ी, छह घंटे आवागमन बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** एनएच-75 ब्रहमोरिया मोड़ पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर के लिए बनाए गए डायवर्सन में शनिवार की देर रात एक ट्रक फंस गई। जिस कारण आवागमन बाधित हो गई। सड़क के दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिससे लगभग 6 घंटे सड़क पर आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार ब्रहमोरिया मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य हो रहा है। इस कारण गाड़ियों की नियमित परिचालन को लेकर मिट्टी मोरम डालकर डायवर्सन बनाया गया है। डायवर्सन संकीर्ण होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है। शनिवार की देर रात लगभग दो बजे एक ट्रंक संकीर्ण डायवर्सन में खराब हो गई। जिस कारण अन्य गाड़ियों का निकलना बंद हो गया। सड़क के दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिसके कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। रविवार को सुबह आठ बजे जाम किसी तरह हटाया गया। तब जाकर परिचालन सामान्य हुआ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त प्रथम रेंडमाईजेशन के उपरांत रविवार को सिरसिया प्रखंड कार्यालय स्थित वेयर हाउस को विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईवीएम रेंडमाईजेशन को विधानसभावार अलग-अलग स्कैनिंग कर आवंटित किया गया। इसके अलावे डीसी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। साथ ही डीसी ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने वेयर हाउस गेट पर लगाये गये सील की जांच करते हुए परिसर में प्रतिनियुक्त जवानों के साथ परिसर व कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों का अवलोकन कर समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जाँच करते रहने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

**बोकारो में कांग्रेस को झटका : वरिष्ठ नेता राधेश्याम दुबे सहित 200 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल**

# इंडी गठबंधन ने रांची में उलगुलान रैली में मारपीट कर देश को दिखायी अपनी मंशा: बिरंची नारायण

## देश की जनता मोदी जी के साथ, पार होगा 400 का आंकड़ा : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच राजनीतिक पारा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस बीच रविवार को रांची में आइएनडीआइए महागठबंधन के सभी बड़े व कद्दावर नेता भाजपा को हराने के लिए कमर कसकर हुंकार भर रहे थे, वहीं, दूसरी ओर धनबाद लोकसभा अंतर्गत बोकारो विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के श्रमिक संगठन इंटक के सैकड़ों कार्यकर्ता केंद्र की मोदी सरकार पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी के



कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत करते ढुल्लू महतो।

जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, रोहितलाल सिंह और मुकुल ओझा ने माला व पट्टा पहना कर सभी का स्वागत किया। ढुल्लू महतो ने कहा कि वर्तमान में देश ही नहीं, पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी जी का डंका बज रहा। देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा परिवार में सभी का स्वागत है। आप सभी मिलकर मोदी जी के 400 पार अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। वहीं, विधायक बिरंची नायरण ने रांची में आयोजित आइएनडीआइए महागठबंधन के उलगुलान रैली में राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुए झड़क पर कटाक्ष किया। कहा कि पूरे देश ने देखा कि किस प्रकार रांची में आयोजित उलगुलान कार्यक्रम में कुर्सी लेकर मारपीट की गई। कांग्रेस व इंडी गठबंधन की मंशा सभी ने देख ली। देश की 140 करोड़ जनता मोदी सरकार के साथ है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम दूबे, राजू मोदक और प्रकाश चटर्जी के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इनमें राजकुमार मोदक, विवेक, काशी, रोनी, नीरज, गोपी, आकाश, देवाशीष, विनय अनिल, कुला, संजू, मनोज, पोलतु, उत्तम, अशोक, विधान, संतोष, प्रमोद, श्रीकांत, हरिकांत, शंकर, आदर्श, रामनाथ और कृपाशंकर आदि शामिल थे।

# आदिवासी-महिला विरोधी है इंडी महागठबंधनः सांसद




**कहा- ढुल्लू महतो पर सिर्फ आरोप लगे हैं, साबित कुछ भी नहीं हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सांसद पीएन सिंह ने रांची में आयोजित हुए आइएनडीआइए गठबंधन की उलगुलान रैली पर कटाक्ष किया। रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया कि आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार झारखंड, आदिवासी और महिला विरोधी है। इसके किसानों से हित से भी कोई सरोकार नहीं है। बस राजनीतिक लाभ के लिए उनकी हिमायती बनने की कोशिश करती रहती है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है। महिलाओं को सम्मान मिल रहा है और आगे भी देश प्रगति के पथ पर बढ़ता रहेगा। जनता इस महागठबंधन को चुनाव में उपयुक्त जवाब देने जा रही है। वहीं, भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर लग रहे आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि आरोप लगते रहते हैं। पर कोई भी आरोप साबित नहीं हुए हैं। बतातें चलें कि इस दिन झामुमो की अगुवाई में रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान रैली आयोजित की गई है, जिसमें आइएनडीआइए महागठबंधन के सभी बड़े व दिग्गज नेता शामिल हुए।

## 22 को कथारा उच्च विद्यालय से निकलेगी जागरूकता रैली

**कथारा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कथारा उच्च विद्यालय में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कथारा दक्षिणी पंचायत की मुखिया तरुलता देवी ने की। जिसमें मुखिया ने बताया कि 25 मई को मतदान करने को लेकर 22 अप्रैल को कथारा उच्च विद्यालय प्रांगण से अंबेडकर चौक तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मतदाताओं को मतदाता के लिए जागरूक किया जाएगा। वहीं, मंच का संचालन करते हुए पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करेंगें। मौके पर पंचायत सचिव किशन कुमार, सेविका मालती देवी, पुष्पा देवी, दीपमाला कुजूर, महिला समूह जेएसएलपीएस सविता देवी, रीता देवी, पंसस बैजू कुमार आदि की उपस्थित थे।

# साइबर अपराधः दिल्ली के एक बड़े नेता के करीबी के बैंक खाते से उड़ाये 80 लाख रुपये

## हैदराबाद और मुंबई के बाद महुदा में दिल्ली की साइबर पुलिस की दस्तक, दो युवकों से की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के कुलटांड में कम उम्र के युवा जल्द अमीर बनने के लालच में गलत तरीका अपनाने लगे हैं। साइबर अपराध के लिए अब तक जामताड़ा ही बदनाम रहा है। पर अब महुदा का कुलटांड भी इससे अछूता नहीं रह गया है। यहां बैठकर देश के अन्य राज्यों के लोगों को फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी कर रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस की साइबर सेल की टीम शनिवार की शाम साइबर महुदा के कुलटांड पहुंच गयीं। यहां साइबर अपराध में शामिल दो संदिग्ध लड़कों से पूछताछ की। ठगी के मामले में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल पूर्व वार्ड



सदस्य संजय दास के पुत्र प्रकाश दास व वर्तमान वार्ड सदस्य के पुत्र रखोहरी दास के बेटे अनूप दास से देर शाम तक कड़ी पूछताछ की गई। सूत्रों की मानें तो पूछताछ में दोनों लड़कों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी किसी अजय दास को अपना सिम कार्ड दिया था। मुख्य आरोपी पैसे के ट्रांजैक्शन के लिए इन युवकों के सिम कार्ड का इस्तेमाल करता था। उसी सिम से अजय दास पेमेंट बैंक के जरिये खाता खोलकर साइबर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया हैं। बताया कि दोनों से जान पहचान थी। जिसका फायदा उठाकर वह उनलोगों के नाम से बैंक में खाता खुलवाया। बताया कि इन खाते में रुपया आएगा। इसके बदले में उन लोगों लोगों को कुछ रुपए दिये जायेंगे। यह पूछने पर कि रुपया कहां से और कैसे आयेगा, यह नहीं बताया। इसके बाद खाते में रुपया आया भी। यह देख उन लोगों के मन में लालच आ गया। उन्हें एक-एक हजार रुपए भी मिले। ऐसा तीन से चार बार हुआ। पर उन लोगों का ठगी से कोई लेना देना नहीं है। सूत्रों की मानें तो करीब 80 लाख रुपये की ठगी की बात सामने आ रही हैं। बताया जा रहा कि दिल्ली के किसी बड़े नेता के किसी करीबी के बैंक खाते से रुपये की ठगी की गई है। हालांकि दिल्ली की साइबर पुलिस ने इस पूरे मामले में कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया।

### लिंक के जरिये करते हैं ठगी

जानकारी के अनुसार सायबर अपराधी सिम से व्हाट्सएप के जरिए लोगों को लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, तो उसके मोबाइल का ओटीपी समेत सारी जानकारी साइबर अपराधियों के पास पहुंच जाती है। इससे अनजान व्यक्ति सायबर ठगी का शिकार हो जाता हैं।

# मजदूर नेता जितेंद्र दुबे की नातिन श्रुति बनी पायलट



**फुसरो/बेरमो।** संपूर्ण ब्राह्मण समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सह मजदूर यूनियन एटक के सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अध्यक्ष जितेंद्र दूबे की नातन श्रुति तिवारी पायलट बनकर परिवार का नाम रोशन किया है। इंडिगो एयरलाइंस ने हाल ही में एक नई उड़ान शुरू की है, इसमें झारखंड की बेटी श्रुति तिवारी अपने सपने को साकार करते हुए पायलट बनी है। सिर्फ 22 साल की उम्र में श्रुति ने यह मुकाम हासिल की है। श्रुति की मां विभा तिवारी और पिता दिलीप किशोर तिवारी का पैतृक आवास डालटनगंज में है। हालांकि पूरा परिवार दिल्ली में रहता है। श्रुति की प्रारंभिक शिक्षा भी दिल्ली में ही हुई है। इसके बाद पायलट के लिए श्रुति ने बंगलुरू से पढ़ाई की है। इंडिगो के पहले राउंड में ही सभी पेपर को सफलता पूर्वक पार किया। उधर, श्रुति की इस सफलता से जितेंद्र दूबे सहित पूरा परिवार काफी खुश है। साथ ही उसके आने वाले उड़ान के लिए शुभकामनाएं दिया है।

## मकीना के हत्यारों को पुलिस पकड़ने में विफल, परिजनों को मिल रही धमिकयां



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के तिसरी प्रखंड के बेलवाना पंचायत निवासी मकीना खातून के की हत्या की घटना के 20 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अप तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे परजिनों में आक्रोश है। घटना से मर्माहत मृतका की मां सेरून खातून सहित दर्जनों महिलाएं रविवार को पुलिस और बेलवाना मुखिया नाजिया खातून के घर के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की। पीड़िता ने आरोपी पक्ष द्वारा केस उठाने को लेकर धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। मृतका की मां ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी व खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवेदन देने के बाद भी अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने का आरोप लगाया। गौरतलब हो कि विगत एक अप्रैल को बेलवाना करबला के पास मोकिना खातून को घर पर दहेज के कारण पति मो निसार सहित ससुराल वालों द्वारा हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतका की मां सेरुन खातून ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को लेकर तिसरी थाना में कांड संख्या 19/24 के तहत पति मो निसार उर्फ मिसाल, सास व ससुर सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ था। लेकिन मृतका मोकीना खातून की मां सेरूण खातून ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के 20 दिन बीत जाने के बाद भी उनकी बेटी का हत्यारा अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। सभी आरोपी खुलेआम रिश्तेदार के घर में रह रहे हैं। केस उठाने की लगातार धमकी भी दें रहे है। कहा कि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे थाना के समाने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगीं। इधर, थाना प्रभारी संजय नायक ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज के बाद जांच की जा रही है।

# पुलिस ने खदेड़ कर गांजा तस्कर को पकड़ा, 8.50 किलो गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** गांजा तस्करी कर महुदा क्षेत्र में नशे का धंध करने वाले गिरोह के एक सदस्य को रविवार को महुदा पुलिस ने पकड़ कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया हैं। जानकारी के मुताबिक धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ज्योति आनंद मिंज के नेतृत्व में एक टीम गठित कर महुदा थाना क्षेत्र के कतरी नदी के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजर रहे थे। वे लोग पुलिस को देखते ही वाहन घुमा कर भागने लगें। तभी बाइक पर सवार एक युवक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। जबकि दूसरा मौके का फायदा उठा कर भागने में सफल



पकड़े गए गांजा तस्कर की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। दूसरी ओर, गांजा के साथ पकड़े गए युवक की पहचान गोरूंगो रवानी (27) के रूप में हुई है। वह निरसा थाना क्षेत्र के गुण्डुबा गांव का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने करीब साढ़े आठ किलो गांजा के साथ ही एक मोबाइल फोन और बाइक जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल पकड़े गए व्यक्ति को महुदा पुलिस न्यायिक अभिरक्षा में धनबाद जेल भेज दिया हैं। इसकी जानकारी बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ज्योति आनंद मिंज ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर आयोजित करके दी। जानकारी के अनुसार पकड़े गये युवक के मामा का घर देवघरा बस्ती है। इस धंधे में पुरन रवानी व फगुआ रवानी नामक व्यक्ति भी शामिल है, जो कंचनपुर के रहने वाले हैं। वहीं, पकड़े गये गोरूंगो रवानी ने मामले पर बताया कि उसे माल ढोने के लिए सिर्फ 300 रपये मिलता है। वे गांजा लेकर कतरास स्टेशन में उत्तर प्रदेश के रेनुकुट का ट्रेन पकड़ने वाले थे। पर ट्रेन छुट जाने के कारण वापस बाईक से उक्त गांजा लेकर पूरन के साथ महुदा लौट रहे थे। तभी मालकेरा के समीप पुलिस ने खदेड़कर उसे माल के साथ पकड़ लिया। जबकि उसके साथ का साथी पुरन भाग निकला। उसने यह भी बताया कि अब तक वह 5-7 बार यह काम कर चुका है।

## बलियापुर के अमझोर गांव में निकली कलश यात्रा



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** अमचूर गांव में बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार को भविष्य कॉलेज यात्रा निकाली गई। इसी के साथ तीन दिवसीय मारुति नंदन महाराज के प्रारंभ हुआ। कॉलेज यात्रा गाजियाबाद जी के साथ बिरजू तालाब पहुंचा जहां पंडित सोनू द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जल भरने की रस्म अदा की गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु पवन पुत्र हनुमान, बजरंगबली की जय का नारा लगाते हुए आर्मेचर गांव के विभिन्न नाथुला में भ्रमण करते हुए बजरंगबली मंदिर पहुंचे जहां कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। कलश यात्रा में सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, हालदार मोटा सेलिना मंडल शामिल हुए। इसके अलावा कमेटी के सुनील मंडल, सचिन मंडल समीर मंडल, पप्पू मंडल, संदीप मंडल, राहुल मंडल, भागीरथ मंडल, भारत चंदन प्रमाणिक, बलरामपुर दास और वरुण मलिक आदि थे।

## भाजपा निम्न स्तरीय व प्रतिशोध की राजनीति करती है : अनुपमा सिंह

# गाड़ियों का काफिला लेकर उलगुलान में शामिल होने रांची पहुंची धनबाद लोस प्रत्याशी अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए गठबंधन की रांची में आयोजित उलगुलान कार्यक्रम में शामिल होने रविवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व धनबाद लोकसभा की इंडी समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह सैकड़ों गाड़ियों का काफिला लेकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। अनुपमा सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवाकर जेल में डाल दिया गया। ऐसा कर मोदी सरकार ने अपने चाल, चेहरा और चरित्र का परिचय दिया हैं। कहा कि भाजपा हमेशा निम्न स्तरीय व प्रतिशोध की



अनुपमा सिंह।

राजनीति करती है। झारखंड के साथ ही दिल्ली में क्या हुआ यह पूरे देश ने देखा है। इस तानाशाही सरकार को हर हाल में रोकना है। कहा कि जनता ने जिसको जनादेश दिया भाजपा ने उसे ही अस्थिर कर दिया। भाजपा के इस षड्यंत्र की वजह से झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन करना पड़ा। झारखंड में अब निश्चित रूप से उलगुलान का समय आ गया है। मोदी सरकार ने हमेशा गैर भाजपा शासित प्रदेशों को तोड़ने एवं तबाह करने का प्रयास किया है। देश की जनता का आइएनडीआइए महागठबंधन व कांग्रेस के प्रति विश्वास जगा हैं। महारैली के माध्यम से लोगों ने जता दिया कि इस बार केंद्र की सत्ता से भाजपा को उखाड़ फेंकेगी। वहीं, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा की धनबाद लोकसभा से हजारों और पूरे झारखंड से लाखों लोग चलकर रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुए। निश्चित रूप से 2024 लोकसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा का सफाया होना तय हैं। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज आलम, राम गोपाल भूवानीया, राजेश्वर यादव, योगेंद्र सिंह योगी, मंटु दास, वकील बाउरी, लक्ष्मण तिवारी, कयूम खान, कुमार गौरव, गुड्डू खान,राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, सिता राना, हरेंद्र शाही, असद कलिम, जीतेश सिंह, संतोष राय, दिलीप मिश्रा, दिपक सिंह, अजय सिंह, इम्तियाज अली, डीएन यादव, आंनद मोदक, मनोज कुमार हाड़ी पप्पू पासवान, जयप्रकाश चौहान आदि मौजूद थे।

## कल्याणडीह में कैंपस के भीतर वाहन में लगी आग



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पचंबा थाना क्षेत्र के कल्याणडीह में एक चाहरदीवारी के भीतर खड़े वाहन में अचानक आग लग गयी। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि चाहरदीवारी के भीतर गाड़ी वाले स्थान में कुछ लकड़ी का ढेर पड़ा हुआ था और उसमें आग भी लगा हुआ था। संभवतः उसी लकड़ी के ढेर में लगी आग की चपेट में आने से कार में आग फैल गयी होगी। जब तक लोगों की नजर उस पर पड़ता, तब तक पूरी गाड़ी जल चुकी थी। हालांकि वक्त पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी कल्याणडीह पहुंच कर आग बुझाने में जुट गया, लेकिन तब तक कार जलकर राख हो चुका था।

## बलियापुर भाजपा के बूथ अध्यक्षों की बैठक चुनावी तैयारियों में जुट जाने का दिया निर्देश



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी पंचायत में रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी के नेतृत्व में सभी बूथों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। जिसमें भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने सभी बूथों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यकर्ताओं को लग जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेहतर विकास कार्य हुआ है। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजय बनाने की दिशा में जन संपर्क के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है। बैठक में मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, प्रभारी विजय रवानी, संदीप मजूमदार, महामंत्री गौरांग मंडल, मंजू दत्त, जगन्नाथ दास, जय बनर्जी, गौतम चौबे, बंसी पाल, जितेंद्र प्रामाणिक, चांदीपल आकाश प्रमाणिक, संतोष पाल, कौशिक बनर्जी और मानसून अंसारी आदि मौजूद थे।

# ओड़िशा में ट्रैफिक कांस्टेबल अब एसीवाला हेलमेट पहनेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में भीषण गर्मी के बीच चौक-चौहारे पर तैनात रहने वाले ट्रैफिक कांस्टेबल अब एसी युक्त हेलमेट पहनेंगे। गुजरात और अन्य राज्यों के बाद कमिश्नरेट पुलिस अब ट्रैफिक कांस्टेबलों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए वातानुकूलित (एसी) हेलमेट खरीदने पर विचार कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को भुवनेश्वर में प्रायोगिक आधार पर एसी हेलमेट का ट्रायल किया।

पुलिस आयुक्त संजीव पंडा ने कहा कि अगर फीडबैक अच्छा है और विक्रेता आवश्यक मात्रा में इसे उपलब्ध करा सकता है, तो हम इसे जल्द से जल्द लागू करेंगे। बजट की कोई बात नहीं है। हम अगले 3-4 दिनों तक प्रायोगिक तौर पर ऐसे हेलमेट का इस्तेमाल करेंगे। हम फीडबैक, आवश्यकता और अन्य पहलुओं की समीक्षा के बाद चरणबद्ध तरीके से इन हेलमेटों को खरीदने की योजना बनाएंगे। विक्रेता संजय जोशी ने कहा कि ऐसे हेलमेट का इस्तेमाल गुजरात, पश्चिम बंगाल और अन्य कुछ दक्षिणी राज्यों में किया जा रहा है।

बताया जाता है कि ऐसे एसी हेलमेट 55 डिग्री सेल्सियस में भी काम कर सकते हैं। जोशी ने कहा कि हेलमेट शरीर के तापमान को लगभग 15 डिग्री तक ठंडा कर सकता है। उन्होंने बताया कि हेलमेट 6 घंटे फुल चार्ज होने के बाद 8 घंटे तक काम कर सकता है।

एसी हेलमेट के बारे में अच्छी बात यह है कि यह भारत में बना है और जितनी भी मात्रा की आवश्यकता होती है उसे उपलब्ध कराने में कोई समस्या नहीं है। एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने कहा कि तीव्र गर्मी की स्थिति के दौरान ट्रैफिक जंक्शन पर काम करना व्यावहारिक रूप से कठिन है। इस तरह के गैजेट निश्चित रूप से हमें बहुत मदद करेंगे।

## चीन में भारी बारिश की चेतावनी, आज सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आने की आशंका



**नयी दिल्ली।** चीन में सोमवार (22 अप्रैल) को भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकरा सकता है। इस तूफान को लेकर चेतावनी जारी कर दी गयी है। मौसम विभाग को आशंका है कि इस तूफान के कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बाढ़ के कारण 12 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। चीन के किंगयुआन शहर में शनिवार (20 अप्रैल) रात 8 बजे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। तूफान को देखते हुए 20,000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड़ पर हैं। आज सुबह 10 बजे तक गुआंग्शी के हेझोउ शहर में 65 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। 18 अप्रैल से चीन के गुआंग्डोंग शहर में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे पर्ल रिवर डेल्टा पानी से भर गया है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और एक मंजिला तक घर डूब गये हैं। सरकार ने हालत ठीक होने तक समुद्री इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। साउथ चीन की सबसे मुख्य बेई नदी उफान पर है, यहां सोमवार तक रिहायशी इलाकों में 19 फीट ऊपर तक पानी भर सकता है।

## मणिपुर में आज 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**नयी दिल्ली/इम्फाल।** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने शनिवार (20 अप्रैल) को इसे लेकर आदेश जारी किया। इन बूथों पर 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में वोटिंग के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। जिन 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग होगी, उसमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू (नॉर्थ-ए), बामन कंपू (नॉर्थ-बी), बामन कंपू (साउथ-वेस्ट), बामन कंपू (साउथ-ईस्ट), खोंगमान जोन-वी(ए), इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई, इरोइशेम्बा मयाई लेइकाई और खैदेम माखा शामिल हैं। हिंसा प्रभावित मणिपुर की दोनों लोकसभा सीट- इनर और आउटर मणिपुर सीट के लिए 19 अप्रैल को 72 फीसदी वोटिंग हुई थी। चुनाव के दौरान कई बूथों पर गोलीबारी, एश्ट में तोड़फोड़ और बूथ कैप्चरिंग की घटनाएं सामने आयीं। बिष्णुपुर जिले के थमनपोकपी में मतदान केंद्र पर गोलीबारी में 3 लोग घायल हो गये। वहीं, इंफाल ईस्ट के थोंगजू के एक बूथ पर एश्ट में तोड़फोड़ की खबर सामने आई। हालांकि हमला किसने किया, ये पता नहीं चल सका। हिंसा की घटनाओं के कारण आयोग ने 11 बूथों पर वोटिंग को अमान्य घोषित कर दिया। हालांकि, कांग्रेस ने बूथों पर कब्जा करने और चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राज्य के 47 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराने की मांग की थी। इनमें इनर मणिपुर के 36 और आउटर मणिपुर के 11 बूथ शामिल थे।

## बैठक में चुनाव की रणनीति पर बातचीत की



**धनवार (आजाद सिपाही)।** रविवार को धनवार विधानसभा कार्यालय में लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, धनवार विधानसभा के संयोजक लक्ष्मण सिंह, सह संयोजक सुनील अग्रवाल ने बैठक कर चुनाव की रणनीति पर बातचीत की। कार्यालय में उपस्थित कार्यालय प्रभारी पवन सिंह, नवनिर्मित युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुज चौधरी, श्रवण कुमार, अमर, मनोज सिन्हा इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ताओं को इन लोगों ने कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की जीत पर काम करने के टिप्स दिये। साथ में मोदी है, तो कुछ भी मुमकिन है पर विशेष बातचीत कर रणनीति बनायी।

## 24 तक सुबह 10:30 बजे तक स्कूल और 25 से ग्रीष्मकालीन अवकाश

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए और असहनीय गर्मी के कारण छात्रों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके लिए राज्य सरकार ने 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। वहीं राज्य सरकार ने 22 से 24 अप्रैल तक स्कूलों में पढ़ाई का समय सुबह 6.30 बजे से 10.30 बजे तक निर्धारित किया है। इससे पहले अत्यधिक धूप के कारण 18 से 20 अप्रैल तक सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की थी। इस समय बच्चे की ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दिया गया था, लेकिन अब राज्य में बढ़ते धूप के कारण सरकार ने सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है।

# कांग्रेस की दुकान में भय, भूख और भ्रष्टाचार बिकता है : मोदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बांसवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। मोदी ने रविवार शाम बांसवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया था। उन्होंने कहा-हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। क्या आप जिसका नाम ही नहीं है, पहचान नहीं है, पुराना रिकॉर्ड का अता-पता नहीं है, क्या उनको इतना बड़ा देश दे सकते हैं क्या। अपने बच्चों का भविष्य उसके हवाले कर सके। मोदी को आप जानते हैं न, 23 साल हो गये। 13 साल गुजरात में भी ये बांसवाड़ा-डूंगरपुर के लोगों ने मुझे करीब से देखा है। मैं आपके लिए एक तरह से घर का ही हूं।

### कांग्रेस में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार

साथियों कांग्रेस में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार है। ये तो वागड़ के लोग अच्छी तरह जानते हैं। कांग्रेस के शासनकाल में युवाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। अब कांग्रेस के पेपर लीक माफिया पर भी हमारे भजनलाल जी पूरी ताकत से लगे हैं, उनको ठिकाने लगा कर रहेंगे। केंद्र सरकार ने भी इसके लिए एक कड़ा कानून बनाया है। इनको ये भी पता नहीं है पार्लियामेंट में बैठते हैं। पेपर लीक का कानून बन चुका है। घूमते-फिरते हैं हम कानून बनायेंगे। ये कानून युवाओं को धोखा देने वालों को कड़ी सजा दिलायेगा। ये मोदी की गारंटी है।

# मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है भाजपा, हम सुरक्षित नहीं हैं : ममता बनर्जी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार को एक चुनावी रैली में आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। उत्तर बंगाल के बालूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं।

**सुवेंदु अधिकारी पर पलटवार :** तृणमूल सुप्रीमो ने भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं।" ममता ने कहा, "हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के 'जुमले' को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं।"

**धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति :** ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवास को भगवा रंग से क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गयी? उन्होंने कहा, हम फैसले (दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने) का विरोध करते हैं। यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है, तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। एक व्यक्ति, एक पार्टी का शासन होगा और विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जायेंगे।

# चुनाव आयोग का शिवसेना उद्धव गुट को नोटिस

- कैंपेन सॉन्ग से भवानी शब्द हटाने को कहा
- नहीं हटाऊंगा, जो करना है करें : उद्धव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने रविवार को शिवसेना (उद्धव गुट) को नोटिस भेज कर कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा है। आयोग ने कहा कि यह शब्द हिंदू देवी से जुड़ा हुआ शब्द है। इलेक्शन में इस तरह के धार्मिक नारे का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

आयोग के नोटिस पर उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपने थीम सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटायेंगे। आयोग को जो कार्रवाई करनी है करे। उद्धव ने आगे कहा कि बीजेपी नेता कई बार धर्म के नाम पर वोट मांग चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव आयोग पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। दरअसल, उद्धव गुट ने इलेक्शन कैंपेन के लिए 16 अप्रैल को प्रमोशन सॉन्ग रिलीज किया था, जिसमें भवानी शब्द का जिक्र है। उद्धव ने कहा हमने भाजपा की तरह हिंदू धर्म के नाम पर वोट की भीख नहीं मांगी। न ही कहा कि जो जय भवानी कहेगा, उसे वोट देना है, लेकिन फिर भी हमें चुनाव आयोग ने नोटिस हमें भेजा। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र का अपमान किया। देवी तुलजा भवानी महाराष्ट्र की कुल देवी है। उनका अपमान हम बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे। हम अपने थीम सॉन्ग में से भवानी और हिंदू धर्म नहीं हटायेंगे। आज चुनाव आयोग ने जय भवानी बोलने पर आपत्ति जतायी है, कल जय शिवाजी बोलने पर आपत्ति जतायेंगे। यह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शिवसेना ने सोशल मीडिया हैंडल पर 16 अप्रैल को थीम सॉन्ग शेयर किया। इस वीडियो के अंत में शिवसेना सपोर्टर जय भवानी का नारा लगा रहे हैं। यह वीडियो शेयर करते हुए पार्टी ने लिखा कि तानाशाही के खिलाफ शिवसेना की मशाल जलेगी। वीडियो के अंत में ठाकरे परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ देखा जा सकता है। यहां बाला साहेब ठाकरे के साथ उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे भी नजर आ रहे हैं।


बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883
9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

FREE FRANCHISE

Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

Certified with

For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908

Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com

Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908

Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045

Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN

Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

!! श्री गणेशाय नमः !!

झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला

अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला

Date : 08.04.2024 से

Time : 4 -10 PM

Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi

विशेषताएं
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715

Organiser : Krishna Kumar Shaw



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**